


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


सामंथा की फिल्म शाकुंतलम...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 15 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 26 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# बड़ी आतंकी साजिश नाकाम!

## भलस्वा डेयरी में रेड के बाद हैंड ग्रेनेड बरामद, दो संदिग्ध गिरफ्तार

नयी दिल्ली। आतंक की जड़े दिल्ली में जाल बनाती जा रही थी। ऐसे में खुफिया एजेंसियों को इस बारे में जानकारी लगने के बाद पुलिस चौकन्नी हो गयी हैं और आतंक के जाल को कुतरने का काम शुरू कर दिया हैं। पुलिस पिछले कई दिनों से लगातार छापेमारी कर रही हैं। ताजा अपडेट के अनुसार पुलिन ने दिल्ली में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। आतंकवादी संगठनों से संबंध होने के संदेह में गिरफ्तार किए गए दो लोगों के भलस्वा डेरी इलाके स्थित किराए के मकान से दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने दो हथगोले बरामद किए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि आतंकी संगठनों के साथ




उनके संदिग्ध संबंधों को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भलस्वा डेयरी इलाके में उनके किराए के आवास से दो हथगोले बरामद किए हैं। पुलिस ने कहा कि उनके आवास पर मानव रक्त के निशान भी पाए गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उनके आवास से मानव रक्त के निशान भी मिले हैं। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने आतंकवादी संगठनों से संबंधों और जघन्य अपराधों में शामिल होने के आरोप में जगजीत सिंह उर्फ जग्गा (29) और नौशाद को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने बताया कि आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। नलवा ने कहा, ''जांच के दौरान हुए खुलासों के बाद दोनों आरोपी पुलिस दल को भलस्वा डेरी स्थित श्रद्धानंद कॉलोनी में अपने किराए के मकान में लेकर गए, जहां से दो हथगोले बरामद किए गए।'' उन्होंने कहा, ''एफएसएल (फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला) दल को मानव रक्त के निशान भी मिले हैं।'' पुलिस ने बताया था कि आरोपियों के पास से तीन पिस्तौल और 22 कारतूस बरामद किए गए थे।

# Rajasthan paper leak: मुख्य आरोपियों के घर पर चला बुलडोजर, 4 नौकरी से निलंबित

जयपुर। राजस्थान सरकार ने दूसरी कक्षा शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप में चार सरकारी शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जानकारी साझा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में आरोपी द्वारा किए गए अवैध निर्माण कार्य को कानूनी प्रक्रिया के अनुसार ध्वस्त कर दिया गया है। इस बीच, जयपुर में मुख्य आरोपी भूपेंद्र सरन के आवास के अवैध रूप से निर्मित हिस्से को गिराने का काम चल रहा है। अशोक गहलोत ने ट्वीट करते हुए कहा कि शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में जेल में बंद आरोपी 4 सरकारी कर्मचारियों



को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। पेपर लीक में वांछित चल रहे आरोपियों द्वारा अवैध तरीके से किए गए निर्माणों को कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप ध्वस्त किया गया है। इस संबंध में विधानसभा से 2022 में पारित नए कानून के मुताबिक इन पर आगे भी प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। राजस्थान के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कुत्सित सोच रखने वाले बेईमानों पर राजस्थान सरकार कठोर कार्रवाई जारी रखेगीघ। कुछ लोग इस संवेदनशील मुद्दे पर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। युवा इनसे सचेत रहकर आगामी भर्तियों के लिए अपनी तैयारी जारी रखेंघ। हम एक भी मेहनती युवा के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। निलंबित चार शिक्षकों की पहचान प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय, थालिया (जालौर) के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, सिरोही के सरकारी स्कूल के वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक रावताराम, जालौर के महात्मा गांधी सरकारी स्कूल, जसवंतपुरा के वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक और कनिष्ठ पुखराज के रूप में हुई है।

# जोशीमठ के बाद अब उत्तर प्रदेश के बागपत के मकानों में आई दरार

## जिलाधिकारी ने कहाः पानी के रिसाव के कारण हुआ

बागपत (उत्तर प्रदेश)। शहर के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में करीब आधा दर्जन मकानों में एकाएक दरार आने के मामले में प्रशासन द्वारा करायी गयी जांच में सामने आया है कि पानी की पाइप लाइन में रिसाव के कारण ऐसा हुआ है। शहर के ठाकुरद्वारा मोहल्ले के कुछ मकानों में दरार आने के मामले में जिलाधिकारी बागपत राजकमल यादव ने शनिवार को बताया, ''पानी की पाइप लाइन से पानी रिसाव के कारण मकानों में दरारें आई हैं। कुछ लोगों ने नगर पालिका को सूचित किए बगैर पाइपलाइन से निजी कनेक्शन लिया हुआ है, उन्हीं में से किसी में पानी रिसाव हुआ है।'' उन्होंने बताया कि इन लोगों द्वारा पानी की पतली पाइपों का उपयोग किया गया है, संभव है कि इन पाइपों



पर दबाव पड़ने के कारण रिसाव हो रहा हो। उन्होंने बताया कि पानी के रिसाव के कारण इलाके के पांच–छह मकानों में दरारे आई हैं। फिलहाल, पानी के रिसाव को बंद करा दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह के अन्दर शहर के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में करीब आधा दर्जन मकानों में एकाएक दरार आ गई थी। जिसके बाद जिलाधिकारी राजकमल यादव द्वारा दरार आने वाले मकानों का निरीक्षण कर राजस्व विभाग की टीम को नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए गये थे। अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान ने बताया कि ठाकुरद्वारा मोहल्ले के सभी मकानों में जाकर उनकी स्थिति की समीक्षा की गई और परिवार के लोगों से बातचीत की गई। एडीएम ने बताया कि वहां की पूरी रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय सांसद प्रतिनिधि प्रदीप ठाकुर का कहना है जिनके मकानों में दरारें आईं हैं, उनको नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# राज्यपाल को मारने के लिए भेजेंगे आतंकी, DMK नेता के विवादित बयान पर बीजेपी बोली– गुंडा एक्ट में करें गिरफ्तार

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और राज्यपाल आरएन रवि के बीच चल रहे विवाद के बीच डीएमके प्रवक्ता शिवाजी कृष्णमूर्ति के बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। डीएमके प्रवक्ता ने कहा कि कि ष्हम एक आतंकवादी को तमिलनाडु के राज्यपाल को गोली मारने के लिए भेजेंगे। शिवाजी कृष्णमूर्ति ने एक बैठक में कहा कि सीएम कह रहे हैं कि हमें राज्यपाल को डांटना नहीं है। अगर उन्होंने ठीक से भाषण पढ़ा होता तो मैं उनके चरणों में फूल रखकर हाथ जोड़कर उनका धन्यवाद करता। लेकिन अगर वह अंबेडकर का नाम लेने से इनकार करते हैं तो क्या मुझे उन्हें चप्पल से मारने का अधिकार नहीं है? हम आपको गोली मारने और मारने के लिए एक आतंकवादी भेजेंगे।



### बीजेपी ने की गिरफ्तारी की मांग

बीजेपी नेता नारायणन थिरुपति ने राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ टिप्पणी को लेकर डीएमके नेता शिवाजी कृष्णमूर्ति की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस को जांच करनी है कि डीएमके का आतंकवादी लिंक क्या है, क्योंकि उसने अपने भाषण में कहा है कि हम राज्यपाल को कश्मीर भेजेंगे और आतंकवादी को कश्मीर भेजेंगे। हमारा मतलब कौन? भाजपा नेता ने कहा कि न केवल शिवाजी कृष्णमूर्ति ने इतनी गंदी भाषा में बात की, मुझे लगता है कि ये चीजें सीएम एमके स्टालिन के कहने से की जा रही हैं, डीएमके प्रमुख की शह, पर वे बोल रहे हैं। उन्होंने डीएमके नेताओं शिवाजी कृष्णमूर्ति और आरएस भारती को गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार करने का आह्वान किया। अगर तमिलनाडु पुलिस की रीढ़ है, तो उन्हें इन दोनों– शिवाजी कृष्णमूर्ति और आरएस भारती को गिरफ्तार करना चाहिए। नारायणन थिरुपति ने कहा कि उन्हें गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और एक साल के लिए जेल में डाल देना चाहिए।

# पीएम मोदी ने देशवासियों को दी भोगी व उत्तरायण की शुभकामनाएं

## कहा- हमारे जीवन में खुशियों की बहुतायत हो



नई दिल्ली। देश में आज मकर संक्रांति, भोगी और उत्तरायण का त्योहार मनाया जा रहा हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों को भोगी और उत्तरायण के त्योहारों की बधाई दी। पीएम मोदी ने ट्वीट में कहा, श्भोगी की शुभकामनाएं। सभी की खुशी और कल्याण के लिए प्रार्थना।श उन्होंने एक अन्य ट्वीट में उत्तरायण की भी शुभकामनाएं देशवासियों को दी और कहा कि हमारे जीवन में खुशियों की बहुतायत हो। बता दें कि भोगी त्योहार पोंगल के चार दिनों के पहले दिन कई दक्षिणी राज्यों में मनाए जाने वाले महत्वपूर्ण फसल उत्सवों में से एक है। वहीं उत्तरायण भी फसल से जुड़ा त्योहार है। यह गुजरात में मनाए जाने वाले प्रमुख पतंगबाजी उत्सवों में से एक है।

# हमारा आचरण हमारे संविधान के अनुकूल होना चाहिएःआरिफ मोहम्मद खान

अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को राष्ट्रीय स्ध्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के हाल के एक बयान से उपजे कुछ संदेहों को दूर करने की कोशिश की और कहा कि हमारा आचरण हमारे संविधान के अनुकूल होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में कहा था कि हिन्दू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने एवं साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति है और इस्लाम को देश में कोई खतरा नहीं है, लेकिन उसे 'हम बड़े हैं' का भाव छोड़ना पड़ेगा।




अलीगढ़ के हैवीटैट सेंटर में शनिवार को कल्याण सिंह की जयंती समारोह में पहुंचे केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में मोहन भागवत के बयान को अपने ढंग से परिभाषित करते हुए कहा, ''भागवत जी के बयान का मतलब है कि आज जो हमारा संविधान है, हमारा आचरण उसके अनुकूल होना चाहिए! जहां पर किसी को यह हक हासिल नहीं है कि मैं पैदाइश की बुनियाद पर बड़ा हूं और पैदाइश की बुनियाद पर कोई छोटा है। खान ने कहा, भागवत ने वास्तव में इस बात पर जोर दिया था कि किसी को भी अपने जन्म के आधार पर किसी भी प्रभुत्व का दावा करने का अधिकार नहीं है।'' आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा था, ''हिन्दू हमारी पहचान, राष्ट्रीयता और सबको अपना मानने एवं साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति है।''

# घास की रोटी खाकर परमाणु बम बनाने वाले पाकिस्तान को पड़ रहे खाने के लाले, आटे के लिए भगदड़

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में महंगाई से



त्राहिमाम मचा हुआ है। लोग भूखे मर रहे हैं। लोगों को खाना नहीं मिल रहा है। खासकर पाकिस्तान के गिलगित और बाल्टिस्तान में आर्थिक संकट से हालात बुरे हैं। यहां आटे के लिए भगदड़ तक मच चुकी है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। ऐसे वक्त में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो का एक बयान बहुत ज्यादा चर्चा में है, जब उन्होंने कहा था कि घास की रोटी खाकर भी परमाणु बम बनाएंगे। जुल्फिकार अली भुट्टो का बयानः दरअसल, भारत पाक युद्ध में जब पाकिस्तान की हार हुई थी, तब भुट्टो ने कहा था कि चाहे हमें घास की रोटियां खानी पड़ें, हम परमाणु बम बनाकर ही मानेंगे। हालांकि पाकिस्तान ने परमाणु बम तो बना लिया है, लेकिन महंगाई ने उसकी कमर तोड़ दी है और आलम यह है कि लोग अब आटे के लिए लड़ रहे हैं। पाकिस्तान में महंगाई चरम परः बता दें कि पाकिस्तान में महंगाई के साथ–साथ ही विरोध प्रदर्शन भी जारी है। गिलगित बाल्टिस्तान में पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार विरोधी नारे लगा रहे हैं और पीओके को भारत में जोड़ने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही महंगाई को लेकर भी लोगों में गुस्सा है। लोग गेहूं जैसे बुनियादी वस्तुओं पर सब्सिडी देने की मांग कर रहे हैं। साथ ही प्रदर्शनकारी आरोप लगा रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना गिलगित बाल्टिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रही है।

वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही






# बिहार के शिक्षा मंत्री के बयान पर बवाल, JDU ने भी खोला मोर्चा, ललन सिंह बोलेः हम सभी धर्मों का करते हैं सम्मान

पटना। रामचरितमानस को लेकर बिहार के शिक्षा मंत्री डॉ चंद्रशेखर के बयान पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। विवादित बयान को लेकर बिहार की राजनीति गर्म हो गई है। डॉ चंद्रशेखर राजद कोटे से नीतीश सरकार में मंत्री हैं। लेकिन नीतीश कुमार की पार्टी जदयू भी अब चंद्रशेखर के खिलाफ दिखाई दे रही है। जदयू के कार्यकर्ताओं ने भी अब शिक्षा मंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जदयू कार्यकर्ता जगह–जगह रामचरितमानस का पाठ कर रहे हैं। इन सबके बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह का भी बयान सामने आ गया है। उन्होंने कहा है कि जदयू सभी धर्म का सम्मान करती है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि चंद्रशेखर के इस बयान पर राजद को



संज्ञान लेना चाहिए। कहीं ना कहीं अपने बयान पर चंद्रशेखर अकेले पड़ते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, भाजपा नेता अश्विनी कुमार चौबे ने रामचरितमानस पर राज्य के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की टिप्पणी का जवाब देने के लिए रामचरितमानस का पाठ किया। भाजपा लगातार शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर रही है। भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि श्रीराम मंदिर के विरुद्ध जगदानंद की दुराग्रही टिप्पणी के दो दिन बाद उनकी पार्टी के शिक्षा मंत्री प्रोसेसर चंद्रशेखर के श्रीरामचरितमानस की निंदा करने से साफ कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाला राजद एक हिंदू–विरोधी राजनीतिक संगठन है। उन्होंने कहा कि समाज के बहुसंखयक वर्ग की आस्था पर चोट करने वाले बयान पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चुप्पी तोड़नी चाहिए और शिक्षा मंत्री के पद से तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की रामचरितमानस टिप्पणी पर विवाद पर जदयू के उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बयान से बीजेपी को सीधा फायदा होगा। उन्होंने जिस विषय पर बात की वह बीजेपी का एजेंडा है। बीजेपी के एजेंडे पर बोलने का मतलब उनकी पिच पर खेलना है। अगर हम वहां खेलते हैं, तो किसे फायदा होगा? उन्होंने कहा कि हमारा एजेंडा सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, विकास और इन सभी वर्षों में सीएम का काम है। राजद ने कहा कि वे चंद्रशेखर की टिप्पणी के साथ खड़े हैं। इसका क्या मतलब है? मामले का संज्ञान लिया जाना चाहिए, इसकी आवश्यकता है। चंद्रशेखर ने बुधवार को नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 'रामचरितमानस' पर टिप्पणी की थी। बाद में पत्रकारों द्वारा चंद्रशेखर से उनके बयान के बारे में पूछे जाने पर वह अपनी बात पर अड़े रहे और कहा, ''मनु स्मृति, रामचरितमानस और 'बंच ऑफ थॉट्स' (आरएसएस विचारक एम. एस. गोलवलकर द्वारा लिखित) ने समाज में नफरत को बढ़ावा दिया है।

# रामजानकी हनुमान मन्दिर पर श्री रामकथा का आरम्भ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भारतभारी। मकर संक्रांति के शुभ एवम् पावन अवसर पर नगर पंचायत भारतभारी अन्तर्गत स्थित श्री रामजानकी हनुमान मन्दिर पर श्री रामकथा का आरम्भ हुआ। जिसमें श्रीधाम वृंदावन वासी आचार्य धीरेन्द्र शुक्ल ने श्री राम कथा का रसपान कराया। श्री अयोध्या धाम के कलाकारों द्वारा सुंदर झांकियों का भी दर्शन कराया गया। जिसमें दुलह वेश में भगवान शिव की झांकी मुख्य रही। कथा श्रवण कराते हुए आचार्य धीरेन्द्र शुक्ल ने मानव के लिए सत्संग की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए इसकी महिमा का वर्णन किया और बताया बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई। किसी भी बहाने से यदि भगवान की कथा श्रवण करने का अवसर मिले तो समझना चाहिए कि भगवान की कृपा बरस रही है। उस कथा गंगा में स्नान करने का प्रयास करना चाहिए। माघ मास में प्रयाग में लोग त्रिवेणी में स्नान करते हैं। भगवत कृपा से त्रिवेणी आपके ग्राम में उपस्थित है तीर्थ सागर, सन्त समागम और






है कथा रूप में तो इसमें सबको अवश्य स्नान करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इसी माघ महीने में प्रयागराज में मिले ऋषि याज्ञवल्क्य ने भरद्वाज मुनि के प्रश्न करने पर राम कथा का वर्णन किया था जिसे पूर्व में माता पार्वती को भगवान शिव ने श्रवण कराया था। संवाद का वर्णन करते हुए बताया कि मानस में वर्णित राम ही समस्त विश्व प्रपंच के कर्ता भर्ता व संहरता हैं। भक्ति व नाम जप के प्रभाव को प्रतिपादित करने वाले शिव चरित्र का वर्णन किया व सती चरित्र के द्वारा बताया कि जो कोई भी परमात्मा पर अविश्वास करेगा उसकी कुगति होगी वो चाहे जो हो। माता सती द्वारा भगवान पर अविश्वास करते हुए उनकी परीक्षा ली गई पुनः भगवान शिव से झूठ बोला गया जिसके बाद भगवान शिव ने उनका पत्नी पद से परित्याग कर दिया। एही तन सती भेंट अब नाही, शिव संकल्प कीनह मन माहीं। बाद में पिता दक्ष के यज्ञ में शिव अपमान से क्रुद्ध होकर माता सती ने देहत्याग किया वही पुनः पार्वती के रूप में हिमाचल राज के घर जन्मी। नारद जी के उपदेशानुसार शिव को वर रूप में पाने को घोर तप किया। फलस्वरूप भगवान शिव से उनका विवाह सम्पन्न हुआ। चतुर्दिक हर्षोल्लास उत्पन्न हुआ। भगवान शिव के पावन विवाहोत्सव की सुंदर झांकी के भी दर्शन प्राप्त हुए। इस बीच आयोजक महंथ बाबा कृष्ण मणि दास, तिवारी जी, अमर त्रिपाठी, अजय कुमार, भानु प्रताप सिंह, विजय शुक्ल, प्रियम पांडेय, शिवा विश्वकर्मा, धर्मराज आदि व्यवस्थापन में लगे रहे। अंत में आयोजक महंत कृष्ण मणि दास ने समस्त आगत श्रोताओं का आभार प्रकट करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया और अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा रस लाभ लेने का आग्रह किया।

## शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करें राजस्व कर्मी: एसडीएम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का



निस्तारण समय से करे राजस्व कर्मी जिससे जनमानस में आप के प्रति अच्छी सोच हो। उक्त विचार उपजिलाधिकारी सदर डॉ0ललित कुमार मिश्र ने कही वह शनिवार को अपने कार्यकाल के प्रथम थाना दिवस कपिलवस्तु में कही वह आज थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आए शिकायती प्रार्थना पत्रो का निस्तारण समय से करे आवश्यक हो पुलिस बल साथ मे ले जाए अगर हमारी आवश्यकता हो हम प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए मौके पर जाएंगे। कपिलवस्तु थाना समाधान दिवस में आये कुल दस शिकायती प्रार्थना पत्रों में मौके पर सात का निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश वर्मा, इंसपेक्टर ज्ञानेन्द्र कुमार राय, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, लेखपाल दुर्गेश पाण्डेय, राहुल त्रिपाठी, रामदेव यादव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, शशांक सौरभ आदि उपस्थित रहे।

## मां भद्रकाली धाम पर हुआ भव्य खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय के निकट नगर पालिका परिषद





के वार्ड दीनदयाल उपाध्याय नगर में स्थित मां भद्रकाली धाम पर शनिवार को भव्य रुप से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दे रहे खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। सहभोज कार्यक्रम में वार्ड के अतिरिक्त जिला मुख्यालय से भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए और सहभोज कार्यक्रम में भाग लिया आपको बता दें कि इस सहभोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश दत्त त्रिपाठी भावी नगर पालिका अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रहे उनके साथ ही विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही, सामजसेवी जंयत पाण्डेय सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम के आयोजनकर्ता विक्की ट्रांसपोर्ट के विक्की रस्तोगी, सभासद प्रत्याशी विनय शर्मा, समाजसेवी कैलाश मणि त्रिपाठी, सौरभ शर्मा, विक्की शर्मा, विक्की पांडे, सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## नशामुक्ति को लेकर निकाली गई जागरुकता रैली

**नशामुक्ति अभियान में सरस्वती शिशु मंदिर खुनुवा स्कूल के बच्चों सहित एसएसबी, एनजीओ कार्यकर्ता व प्रशासनिक अधिकारी भी रहे शामिल**

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के खुनुवा कस्बा मे सरस्वती शिशु मंदिर खुनुवा स्कूल के बच्चों के साथ साथ 43वीं वाहिनी एसएसबी,मानव सेवा संस्थान खुनुवा एनजीओ सामाजिक कार्यकर्ताव प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए खुनुवा कस्बा,बगहवा चौराहा आदि टोलों में भी जागरुकता अभियान चलाया गया। नशामुक्ति के लिए शनिवार को नशामुक्ति के लिए निकाली गई जागरुकता रैली, ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का दिया गया संदेश। एसएसबी के एसआई प्रभात चन्द्र राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभातफेरी में शामिल स्कूली बच्चों ने नशा मुक्त रहे क्षेत्र हमारा,सुरक्षित रहे घर परिवार



हमारा, मद्य निषेध हितकारी है बिटिया की बात प्यारी है, अपनी बिटिया करे पुकार पापा मदिरा है बेकार, शराब छोड़ा मिली खुशी मुन्ना मुन्नी दोनों खुशी सहित अन्य नारे लगाकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया। रैली के दौरान एसएसबी के प्रभात चंद्र राय ने बताया कि नशा नाश का कारण है। नशा असमय मृत्यु का कारण है खैनी, बीड़ी, सिगरेट,ण् शराब के सेवन से स्वास्थ्य खराब होता ही है समाज व घर परिवार भी बर्बाद होता है। नशा के अधिक सेवन से गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से इलाज सही नहीं होने से व्यक्ति की असमय ही मौत हो जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि खुनुवा क्षेत्र में बच्चों के द्वारा प्रभातफेरी निकाली। इस दौरान एसएसबी एसआई प्रभात चंद्र राय,अमर सिंह जीडी,उम्वस जीडी, पुलिस चौकी खुनुवा के अंगद सिंह, नेपाल एपीएफ एसआई राजकुमार, प्रकाश नाथ,देवलाल,वुद्धि सागर पाठक प्रधानाचार्य, मानव सेवासंस्थान (एनजीओ) सोनम मोदनवाल, प्रमोद चौधरी आदि शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा के लिए दिलाया गया शपथ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। राज्य सरकार के निर्देश पर चलाए



जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय डुमरियागंज में बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन के लिए शपथ दिलायी गयी। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अमरनाथ ने बच्चों को शपथ दिलायी उनके साथ सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों ने भी सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन का शपथ लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रवीद्र प्रसाद, डॉ अमरनाथ, डॉ चंद्रकांत, डॉ शफीकुर्रहमान, मालिक राम कार्यालय अधीक्षक महेश कुमार गुप्ता, कीर्तिका श्रीवास्तव, अमित कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार, कार्यक्रम प्रभारी डॉ अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार डंपर ने मजदूर को रौदा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। खजनी थाना अंतर्गत पड़ियापार गांव निवासी राम



अजोर निषाद पुत्र स्व. मंगरु निषाद मजदूरी करके साइकिल से अपने घर के लिए जा रहे थे। इसी दौरान आ रही तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से हरनहीं चौराहे के पास मौके पर हुई मौत। सूचना पाते ही बांसगांव थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी विज्ञानकर मौके पर पहुंचकर गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिवार के लोगों का रो–रोकर हुआ बुरा हाल।

## एसडीएम–सीओ की अध्यक्षता में आये 3 मामले

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शनिवार को

- **थाना समाधान दिवस पर कम मामले उठा रहे सवाल, ठंढक का असर या नही है लोगों की समस्याएं**
- **शिकायतों के निस्तारण ने तेजी लाये जाँच अधिकारी-एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव**





स्थानीय थाना समाधान दिवस पर कुल 3 मामलें आये, 3 मामलों में एक मामला रास्ते के विवाद का भी आया जिसमें खरगवार निवासी शिकायतकर्ता नंदकिशोर ने गाँव निवासी अपने पट्टीदार पर आरोप लगाया कि, मेरे पट्टीदार गोलबन्दी करके सार्वजनिक रास्ते को बंद कर रहे है, जो कि वह रास्ता काफी पुराना रस्ता है, मना करने पर वे लोग आमादा फौजदारी भी हो जाते है। उक्त के संदर्भ में उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ जयराम ने बताया कि थाना समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को सुना गया, भूमि विवाद से सम्बंधित प्रकरण को हल्का लेखपाल को दे दिया है। इस दौरान निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक केके त्रिपाठी, उपनिरीक्षक रामा प्रसाद यादव सहित आर०आई०.शारदा प्रसाद मिश्रा व लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## एडीएम की अध्यक्षता वाले थाना समाधान दिवस में एक मामले का निस्तारण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। मुकामी थाना में शनिवार को





अपर जिलाधिकारी उमा शंकर की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमे दो प्रार्थना पत्र लोगों ने पेश किया। इनमे से एक का तत्काल निस्तारण दोनों पक्षों की राजमंदी से कराया गया। एसएचओ बलजीत राव ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना समाधान दिवस पर दो लोगो ने प्रार्थना पत्र दिया था। एक मामला क्षेत्र के दुमदुमवा निवासी चन्द्र प्रकाश के जमीन बैनामा से सम्बंधित था, जिसका निस्तारण नहीं होसका है जब कि दूसरा मामला गोविंद साहनी पुत्र संतकुमार का है जिसमे स्टे ऑर्डर है। इस मामले में दोनो पक्षों को समझाया गया और दोनो पक्ष स्थगन आदेश के पालन पर राजी भी हो गए।

## खिचड़ी का भव्य सहभोज का आयोजन आज




दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हनुमान गढ़ी मंदिर बांसी के राप्ती पुल पर 15 जनवरी को रविवार को सुबह 6.00 बजे से भव्य खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया है। खिचड़ी सह भोज को भव्य बनाने के लिए पूरे नगर में दो गाड़ियां प्रचार प्रसार के लिए लगाया गया है उक्त आशय की जानकारी भाजपा के युवा नेता विष्णु जयसवाल (सोनू) ने बताया साथ ही उन्होंने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को 15 जनवरी को सुबह 6.00 बजे हनुमानगढ़ी पर पहुंचकर खिचड़ी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

## कोतवाली में एसडीएम सदर ने छः मामलों का किया निस्तारण



दैनिक बुद्ध का सन्देश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। थाना समाधान दिवस पर आए कुल सात मामले आए जिसमे राजस्व के छा और पुलिस के एक रहे। शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस पर पहुंचे सदर एसडीएम ललित कुमार मिश्रा ने आवेदकों की समस्या को सुन कार्यवाही शुरू किया। जिसमे टीम द्वारा विवाद का समाधान किया गया। छा मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व का एक मामला शेष रहा। इस दौरान सीओ सदर अखिलेश वर्मा, कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय, एसआई किशोरी लाल, हल्का लेखपाल शशांक सौरव आनन्द, राम देव यादव, संजय पाण्डेय, आर्यन कुमार सहित फरियादी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# डिजिटल भारत की हकीकत

**मगर सचमुच जिन तबकों के लिए ये बातें महत्त्वपूर्ण हैं, क्या वे इसका लाभ उठा पाएंगे– इस सवाल को सिरे से नजरअंदाज कर दिया जाता है। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक पिछले जुलाई के अंत तक भारत में कुल 80 करोड़ से कुछ ज्यादा इंटरनेट सब्सक्रिप्शन थे। जाहिर है, इनमें से कई मामलों में एक ही व्यक्ति के पास एक से ज्यादा ...**

डिजिटल भारत का शोर हकीकत से दूर है। असल सूरत यह है कि भारत में इंटरनेट का प्रसार लगभग स्थिर हो गया है। और यह सूरत खुद सरकारी आंकड़ों में झलकती है।

भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था और देश को सेमीकंडक्टर जैसी तमाम अति आधुनिक तकनीकों का केंद्र बनाने की तमाम चर्चाओं का जोर ऐसा है कि देश में बड़ी संख्या में लोग सचमुच यकीन करते हैं कि देश दुनिया की प्रमुख आधुनिक अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन अगर तथ्यों पर गौर करें, तो यह कहने में कोई हिचक नहीं होगी कि हकीकत इस धारणा के उलट है। असल सूरत यह है कि भारत में इंटरनेट की वृद्धि लगभग स्थिर हो गई है। और यह सूरत खुद सरकारी आंकड़ों में झलकती है। टेलीकॉम रेगुलेटर– ट्राई के ताजा डेटा से जानकारी मिली है कि पिछले दो साल से भारत में ब्रॉडबैंड का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या एक ही स्तर पर बनी हुई है। 2021 में देश में सामान्य इंटरनेट सब्सक्राइबर्स भी एक फीसदी से कम बढ़े। जानकारों ने कहा है




कि स्मार्टफोन महंगे होने के चलते कम आय वर्ग के लोग मोबाइल नहीं खरीद पा रहे हैं और स्मार्टफोन न खरीद पाने के चलते वे इंटरनेट से भी नहीं जुड़ पा रहे हैं। सरकार ने अपनी तरफ से बैंकिंग, राशन, पढ़ाई, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी कई योजनाओं को लगभग ऑनलाइन बना दिया है। समाज का एक छोटा वर्ग इसका लाभ भी उठा रहा है। लेकिन भारत में करीब आधी आबादी के पास ऐसा इंटरनेट कनेक्शन नहीं है, जिससे इन सेवाओं का लाभ लिया जा सके। चूंकि आबादी का वह हिस्सा मीडिया या आम चर्चाओं का हिस्सा नहीं है, इसलिए इस ओर ध्यान तक नहीं दिया जाता है। जबकि सरकारों की ओर से डिजिटलाइजेशन के ज्यादातर फैसले कामकाज की प्रक्रिया को तेज करने, भ्रष्टाचार को कम करने और सेवाओं को सस्ता बनाने का हवाला देकर लिए जाते हैं। मगर सचमुच जिन तबकों के लिए ये बातें महत्त्वपूर्ण हैं, क्या वे इसका लाभ उठा पाएंगे– इस सवाल को सिरे से नजरअंदाज कर दिया जाता है। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक पिछले जुलाई के अंत तक भारत में कुल 80 करोड़ से कुछ ज्यादा इंटरनेट सब्सक्रिप्शन थे। जाहिर है, इनमें से कई मामलों में एक ही व्यक्ति के पास एक से ज्यादा सब्सक्रिप्शन रहे होंगे। स्पष्टतरू देश में करोड़ों लोग इंटरनेट की पहुंच से दूर हैं।

# पहले विपक्षी गठबंधन का ऐलान

इस साल होने वाले 10 राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल के लोकसभा



चुनाव से पहले विपक्षी एकता बनाने के प्रयासों की शुरुआत हो गई है। विपक्ष के पहले गठबंधन का ऐलान हो गया है। मंगलवार को त्रिपुरा में कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के नेताओं की बैठक हुई और तालमेल का फैसला हुआ। इसके एक दिन बाद बुधवार को सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी ने तालमेल का ऐलान कर दिया। हालांकि अभी यह पता नहीं चला है कि दोनों पार्टियों में सीटों का बंटवारा किस तरह से होगा। बताया जा रहा है कि सीपीएम और कांग्रेस दोनों की तरफ से राज्य की एक क्षेत्रीय पार्टी तिपरा मोथा के साथ तालमेल की बात होगी और उसके बाद ही सीटों का फैसला होगा। हालांकि तिपरा मोथा के साथ मुश्किल यह है कि वह वृहत्तर त्रिपुरा की मांग करने वाली पार्टी है। इसके बावजूद उसके नेता प्रद्योत देबबर्मा को इस बार चुनाव लडना है और अकेले लडने का नुकसान उनको पता है। ध्यान रहे पिछले चुनाव में सीपीएम को 42 फीसदी वोट और 18 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को सिर्फ दो फीसदी वोट मिल पाए थे। भाजपा और इंडिजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा के तालमेल की वजह से भाजपा को फायदा हो गया था। इस बार दोनों पार्टियों के आठ विधायक पार्टी छोड़ कर गए हैं। भाजपा को स्थानीय कारणों से मुख्यमंत्री बदलना पड़ा है। इसके बावजूद दोनों पार्टियों के गठबंधन को हराने के लिए सीपीएम, कांग्रेस और तिपरा मोथा को साथ आना होगा। अगर पूर्वाग्रह छोड़ कर तीनों पार्टियों के नेता ममता बनर्जी से बात करें और तृणमूल को भी गठबंधन में शामिल करें तो मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा।

# ब्राजील : उत्पात से उपजी चिंताएं

**इसे ही देखते हुए संभवत: सिल्वा ने आह्वान किया था कि मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी एक साथ मिलकर देश के समृद्ध अतीत की पुनरू प्रतिष्ठा करें। संभवत: ब्राजील के नागरिकों पर इसका असर पड़ा और सिल्वा की जीत हुई। बहरहाल, ब्राजील इस समय सही अथरे में लोकतांत्रिक मूल्यों और सत्ता की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच टकराव से गुजर रहा है। अच्छी बात है कि ब्राजील दक्षिण अमेरिका की...**

रहीस सिंह

ब्रासीलिया (ब्राजील) में बाते दिनों जो हुआ वह अब लोकतंत्र की नई परंपरा सी बनती हुई दिख रही है। भले ही इसे अमेरिका के कैपिटल हिल कांड की एक प्रतिकृति या पुनरावृत्ति मानकर विषय की तीव्रता कम कर दी जाए अथवा बोल्सोनारो–ट्रंप बॉण्डिंग के आधार पर इसे डोनाल्ड ट्रंप की ओर ध ाकेलने दिया जाए, लेकिन यह सच नहीं है। ऐसी घटनाएं देश की राजनीति में आ रही विकृति, राष्ट्रीय नेतृत्व की महत्त्वाकांक्षाएं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की कमजोरी से जन्म लेती हैं। ब्राजील के संदर्भ में ये तीनों ही कारक जिम्मेदार हैं या फिर सिर्फ कोई एक, यह कहना मुश्किल होगा। फिर भी यह सवाल तो उठता ही है कि आखिर वह वजह कौन सी थी जिसके कारण बोल्सोनारो ने स्वस्थ लोकतांत्रिक राजनीति का परिचय देते हुए लूला दा सिल्वा के शपथ ग्रहण में शामिल होना उचित नहीं समझा? लूला दा सिल्वा के शपथ लेने से पहले ही उन्हें अमेरिका जाकर ऑरलैंडो में अस्थाई निवास बनाना क्यों पड़ गया? उनके सांसद पुत्र एडुआडरे बोल्सोनारो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक किस रणनीति के तहत कर रहे थे? क्या वे श्ट्रंपियन मॉडल ऑफ डेमोक्रेसीच जिसकी झलक जनवरी 2020 में पूरी दुनिया प्रतीकात्मक रूप में ही सही पर अमेरिकी शक्ति की विछिन्नता के रूप में देख चुकी है। यदि ऐसा है तो वे जिस बोल्सोनारोवाद की कल्पना भी कर रहे थे वह परिणामविहीन ही रहना था क्योंकि कैपिटल हिल घटना के परिणाम ट्रंप के अनुरूप नहीं आए थे। फिर ब्रासीलिया में कोई नई उम्मीद कैसे की जा सकती थी? दरअसल, राजनीति में कोई शॉर्टकट होता नहीं है। भले ही ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया के सामने आ गए हों। राजनीति में शार्टकट मेरी दृष्टि में सिर्फ एक मनोदशा (स्टेट आफ माइंड) भर है जो कभी संक्षिप्त अवधि के लिए सफल हो भी सकती है, लेकिन दीर्घकाल में तो इसे असफल होना ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह कोई राजनीति की मूल्य आधारित समृद्ध परंपरा नहीं है। हां संक्रमण काल में यह सफल भी हो जाती है, लेकिन सामान्य स्थितियों में नहीं। फिर भी अमेरिका जैसे समृद्ध लोकतांत्रिक देश की ग्रांड ओल्ड पार्टी के राष्ट्रपति ने अपनी हार के बाद ऐसा किया। इसे ही बोल्सोनारो ने ब्राजील में दोहराने की कोशिश की। इसमें कोई संदेह नहीं कि अक्टूबर 2022 में ब्राजील में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में बोल्सोनारो की हार हुई और लूला दा सिल्वा की बहुत ही सूक्ष्म अंतर से विजय, लेकिन सत्य तो यह है कि चुनाव में विजय और पराजय के बीच अंतर चाहे जितना भी कम हो, लेकिन हार हार होती है और जीत जीत। इसे लेकर आरोप–प्रत्यारोप भी लगाए जाते हैं, लेकिन सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्ण ढंग से संविधान की भावनाओं के अनुरूप हो जाता है, मगर यह बात बोलसोनारो को समझ में नहीं आई। यही वजह है कि पहले उन्होंने पद छोडने में काफी समय लगाया और जब छोड़ा भी तो उनके समर्थकों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले की साजिश रच ली। उनके समर्थकों में ऐसी हलचल भी काफी समय तक रही। उनके समर्थकों ने तो सेना से दखल की मांग भी शुरू कर दी थी, लेकिन ब्राजील की सर्वोच्च अदालत ने राजधानी ब्रासीलिया की सुरक्षा बढ़ाई और एहतियातन गन लेकर चलने पर प्रतिबंध ा लगा। ऐसा शपथ ग्रहण के दौरान हिंसा और उपद्रव जैसी स्थितियों को रोकने के लिहाज से किया गया था। फिर भी ऐसा हुआ। आखिर क्यों? प्रथमदृष्टया तो यह लूला दा सिल्वा की ब्रासीलिया में हैरतअंगेज वापसी और बोलसोनारो की उम्मीदों के विपरीत पराजय इसका तात्कालिक कारण हो सकती है, लेकिन इसके अन्य आयामों को जानने के लिए तो ब्राजील के अंदर झांकना होगा। सिल्वा इससे पहले भी दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। उनकी विचारधारा वामपंथी है किंतु उनकी यह विजय सही अथरे में वामपंथ की विजय नहीं है बल्कि उस विश्वास की विजय है जो आज की अनिश्चित और जोखिम भरी दुनिया में आम आदमी को जीवन जीने की गारंटी देने का ढांढस बंधाती है। हम सीमित अथरे में यह भी कह सकते हैं कि ग्लोबलाइजेशन के उद्देश्यों से दुनिया का धीरे–धीरे भटकना और ग्लोबलाइजेशन की नियति लिखने का दावा करने वाली पश्चिमी लीडरशिप का संकीर्णता से भर जाना, जिसके कारण दुनिया में भ्रम, भय और अनिश्चितता के दौर से गुजरने लगी। दुनिया में रहने वाले अधि ाकतर लोग अपने–अपने देश की तरक्की चाहते हैं, लेकिन इस तरक्की में वे अपनी हिस्सेदारी भी चाहते हैं। वे भी चाहते हैं देश की उन्नति का थोड़ा सा हिस्सा उनकी जेब में भी जाए और उनका भविष्य भी सुरक्षित दिखे। ब्राजीलियन मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि कुछ वर्षो में ब्राजील इस तरह के विकास से भटक गया। बोल्सोनारो ने ब्राजील को जिस ट्रैक पर चलाना चाहा उसमें लोगों का भला संभव नहीं हो सका। वे भूल गए कि यह वही ब्राजील है जिसमें वर्ष 2013 में किराया वृद्धि के खिलाफ साओ पाउलो, ब्रासीलिया और रियो डि जेनेरियो में जो आंदोलन हुए थे, उन्होंने तत्कालीन सत्ता की चूलें हिला दी थीं। उन्होंने शायद इस बात पर भी गौर नहीं किया होगा कि जब दुनिया वैकरण के दरवाजे पर खड़ी थी और प्रवेश करने की तैयारी कर रही थी उस समय लातिन अमेरिकी देशों में पूंजीवादी वर्चस्व के खिलाफ तीव्र प्रतिक्रिया हुई थी। इस समय वहां की स्थिति यह है कि राजनीतिक आधार पर पैदा हुए विभाजन और अंतर विभाजन लोगों की अपनी मौलिक पहचान खत्म कर रहे हैं।

# भारत जी–20: बुनियादी ढांचे को समझना और भविष्य के शहरों का निर्माण

**आईडब्ल्यूजी की पहली बैठक के साथ पुणे विश्वविद्यालय में शहरी प्रशासन पर नगर निगम आयुक्तों के लिए एक पूरक संवाद होगा। भविष्य के शहरों के लिए चुनौतियों और वित्तपोषण की रणनीति के इर्द–गिर्द एक अन्य कार्यक्रम एडीबी द्वारा आयोजित किया जाएगा। इच्छुक वक्ताओं से उम्मीद की जाती है कि जटिल समस्याओं के स्पष्ट और गहरे समाधान साझा करें कि किसी प्रकार देश...**

वी. अनंत नागेश्वरन

किसी क्षेत्र की आर्थिक स्थिति के तत्काल ध्यान देने योग्य पहचानकर्ताओं में से एक इसकी बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता है। आर्थिक विकास के कारक के रूप में, दुनिया भर की सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे पर खर्च को रोजगार और बढ़े हुए सामाजिक–आर्थिक विकास के उत्प्रेरक के रूप में महत्व दिया जाता है। विश्व बैंक का कहना है कि बुनियादी ढांचे के खर्च में 10 प्रतिशत की वृद्धि का समय के साथ सकल घरेलू उत्पाद में 1 प्रतिशत वृद्धि से सीधा संबंध है। एशियाई संकट के मद्देनजर वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर विचार–विमर्श करने के लिए 1999 में जी–20 के गठन के बाद, यह सोचा गया कि समूह की सम्मिलित जनसंख्या और आर्थिक ताकत को देखते हुए, इसके दायरे के अंदर चर्चा के लिए आने वाले विषयों का विस्तार किया जाना चाहिए। अतरू 2009 में, समूह ने नेताओं के स्तर पर श्अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए प्रमुख मंचश निर्दिष्ट किया। बुनियादी ढांचे को उन्नति संबंधी स्तंभों में से एक के रूप में मान्यता दी गई थी, जिसे 2012 के लॉस काबोस शिखर सम्मेलन में मजबूती से समर्थन मिला, जिसने बुनियादी ढांचे के निवेश, उत्पादकता और जीवन स्तर के बीच गहरे परस्पर संबंध बनाने पर जोर दिया। तब से, इस विषय में न केवल बहुत रुचि पैदा हुई है, बल्कि बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने, विशेष रूप से वित्तपोषण, निवेश और निजी क्षेत्र की भागीदारी का लाभ उठा कर काम करने के लिए एक ठोस समूह भी तैयार किया है। वर्ष 2014 में बुनियादी ढांचे के लिए ऑस्ट्रेलिया से बाहर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर हब (जीआई–हब) और विश्व बैंक द्वारा ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी (जीआईएफ) के माध्यम से संस्थागत आधार स्थापित किया गया। इसके साथ–साथ, जिस तरह दुनिया बुनियादी ढांचे के महत्व को पहचानने की ओर बढ़ी, पीपीपी या सार्वजनिक निजी भागीदारी पर जोर देने जैसी प्रगति को भी जी–20 में इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप (आईडब्ल्यूजी) में ले लिया गया। अब यह सर्वविदित है कि दुनिया भर में बुनियादी ढांचे पर महत्वपूर्ण सार्वजनिक खर्च के बावजूद, आगे बढने के लिए विभिन्न वित्तपोषण स्रोतों– निजी क्षेत्र, बहुपक्षीय व द्विपक्षीय और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के ठोस प्रयास की आवश्यकता होगी। वित्तीय कारकों में अच्छी तरह विविधता उत्पन्न की जानी चाहिए, और निजी भागीदारी के लिए माहौल सक्षम होना चाहिए। यह तुर्की, चीन और जर्मनी के सिलसिलेवार अध्यक्षता संभालने अच्छी तरह देखा गया था। बुनियादी ढांचे को एक अलग निवेशक समूह के रूप में मान्यता देने की आवश्यकता का दायित्व 2018 में अर्जेंटीना की अध्यक्षता में लिया गया। तब से, जी–20 ने विभिन्न तरीकों जैसे कि गुणवत्ता संकेतकों, सूचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग और निजी भागीदारी बढ़ाने के माध्यम से बुनियादी ढांचे में स्थिरता को शामिल करने पर जोर दिया है। भारत को 2022 में जी–20 की अध्यक्षता मिलने के साथ, बुनियादी ढांचे को श्वसुधैव कुटुम्बकमश या एक दुनिया, एक भविष्य के चश्मे से देखा जा रहा है। आईडब्ल्यूजी में भारत का नया योगदान श्फाइनेंसिंग सिटीज ऑफ टुमॉरोश को प्रमुखता से प्राथमिकता देना होगा, जिस पर इससे पहले जी–20 में विशेष रूप से कभी ध्यान नहीं दिया गया।

वर्ष 2050 तक, दुनिया की लगभग दो–तिहाई आबादी शहरी क्षेत्रों में रहेगी, इसलिए अगली पीढ़ी के शहरीकरण की लहर विकासशील और विकसित देशों के महाद्वीपों में फैलेगी। इसमें शहरीकरण और जीडीपी के बीच मजबूत परस्पर संबंध होने के कारण वैश्विक विकास को महत्वपूर्ण तरीके से बढ़ाने की क्षमता है। शहरों में 80 प्रतिशत से अधिक सकल घरेलू उत्पाद होने के साथ, शहरीकरण एक अच्छा काम हो सकता है बशर्ते इनका अच्छा प्रबंधन हो और ये उन्हें अच्छी तरह से प्रबंधित और इनका एक निश्चित तरीके से रखरखाव हो। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने परिपूर्णता की नीति के माध्यम से शहरों में जन उपयोगी सेवाओं के प्रावधान के कार्य को आगे बढ़ाया है, चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत आवास हो, स्वच्छता (स्वच्छ भारत), पेयजल (हर घर जल), शहरी बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण और कायाकल्प (अमृत), बड़े पैमाने पर पारगमन विकल्पों में तेजी लाने यानी मेट्रो–बीआरटीएस और प्रौद्योगिकी आधारित शहरों के आधुनिकीकरण (स्मार्ट सिटी) आदि क्यों न हो। हालांकि, आगे बढ़ते हुए, विकासशील और विकसित देशों को एक ऐसे भविष्य की ओर देखना चाहिए जिसकी तरफ अब तक दुनिया के किसी भी देश का ध्यान नहीं गया है। देशों की नेट जीरो प्रतिबद्धताओं को देखते हुए, शहरों पर जलवायु के घातक प्रभावों और वित्तीय लचीलेपन तथा भविष्य के शहरों में बसने वाले लोगों के विविध ा समूहों को देखते हुए, भविष्य के शहरों को टिकाऊ, लचीला और समावेशी बनाया जाना चाहिए। जिस तरह पुणे विश्वविद्यालय इस जनवरी के आने वाले सप्ताह में भारत की जी–20 की अध्यक्षता के तहत आईडब्ल्यूजी की पहली बैठक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, यह खुद को याद दिलाने का एक अच्छा समय है कि भविष्य की चुनौतियों का समाधान करने के लिए, शहरों को एक नया अवतार लेना चाहिए–आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और वित्तीय रूप से सशक्त। नगरपालिका सरकारों को न केवल शहरों के लिए रणनीति की योजना बनानी चाहिए बल्कि सपनों को साकार करने के लिए संसाधन भी खोजने चाहिए। आईडब्ल्यूजी की पहली बैठक के साथ पुणे विश्वविद्यालय में शहरी प्रशासन पर नगर निगम आयुक्तों के लिए एक पूरक संवाद होगा। भविष्य के शहरों के लिए चुनौतियों और वित्तपोषण की रणनीति के इर्द–गिर्द एक अन्य कार्यक्रम एडीबी द्वारा आयोजित किया जाएगा। इच्छुक वक्ताओं से उम्मीद की जाती है कि जटिल समस्याओं के स्पष्ट और गहरे समाधान साझा करें कि किसी प्रकार देश आबादी के विभिन्न वर्गों की प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए स्थायी शहरी विकास की ओर आगे बढ़ सकते हैं। इस वर्ष की अध्यक्षता से परिकल्पित उत्कृष्टता के मानकों की दिशा में, इससे अच्छा और क्या होगा कि दुनिया की उन सबसे पुरानी मूलभूत चीजों को वापस लाया जाए जो निर्माण या विकास के लिए आवश्यक हैं– प्रभावशाली लेकिन विनम्र, विस्तृत लेकिन क्षेत्रीय, कनेक्टिंग लेकिन वितरित– इन्फ्रास्ट्रक्चर (लेखक भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में क्रमशरू मुख्य आर्थिक सलाहकार और सलाहकार हैं। यह उनके व्यक्तिगत विचार हैं)।




# 100 पत्नियां और 500 बच्चें, इस राजा की कहानी क्यों दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी

राजाओं की आलोचना करना आसान है, लेकिन अक्सर हम यह भूल जाते हैं कि वे इस पद के लिए चुने नहीं गए थे और आधुनिक राजा और रानियां ज्यादातर अपने देशों में परंपरा और यथास्थिति को बनाए रखने से संबंधित हैं। उन्हें केवल अपने शाही पूर्वजों द्वारा निर्धारित उदाहरण का पालन करना होता था। वे कभी–कभार अजीब परंपराओं का भी पालन करते थे। और कभी–कभी राज्य में अजीबोगरीब नियम होते हैं जो दुनिया के बाकी हिस्सों में लागू नहीं होते हैं। पुराने वक्त के इतिहास को देखें तो हमें राजाओं की कई रानियों और उनके ढेरों बच्चों की कहानी सुनने को मिल जाएगी। लेकिन आपको आश्चर्य तब होगा जब पता चले कि आध ुनिकता के इस युग में भी किसी राजा की दर्जनों रानियां और सैकड़ों बच्चे हो जाए।



अफ्रीका के कैमरुन में अबुम्बी द्वितीय की करीब 100 पत्नियां हैं। वर्ष 1968 में अपने पिता की मौत के बाद वो बुफेट के 11वें राजा बने थे। इस जगह बहुविवाह कानूनी रूप से मान्य है। ग्रामीण इलाकों में लोग एक से अधिक शादियां करते हैं। लेकिन वे अधिकतम कितनी शादियां कर सकते हैं, इसके बारे में कोई तय सीमा नहीं है। 1968 में अपने पिता की मृत्यु के बाद अबुम्बी II कैमरून में 11वां फॉन या बाफुत का राजा बन गए। चूंकि पुरुषों के लिए एक से अधिक पत्नियों से शादी करना कानूनी और पारंपरिक दोनों है, और पत्नियों की संख्या की कोई सीमा नहीं है, अबुम्बी ப अपने स्वर्गीय पिता से 72 रानियों और उनके बच्चों को विरासत में मिला, जैसा कि कैमरून में शाही परिवारों में प्रथागत है।

कैमरून में एक स्थानीय परंपरा के अनुसार, राजा की मृत्यु के बाद, उसका बेटा, नया राजा, उसकी सभी पत्नियों और बच्चों को विरासत में देता है। सभी रानियों से अबुम्बी के 500 बच्चे हैं। आमतौर पर रानियां अच्छी वक्ता होती हैं। कई भाषाओं की जानकारी होती है और पढ़ी लिखी होती है। कैमरुन में बहु विवाह को कई बार चुनौती भी दी जा चुकी है। इसके बावजूद भी किंग का कहना है कि उनका काम है कि वह अपने लोगों की संस्कृति और स्थानीय परंपरा का संरक्षण करें।

# गौतम अडानी ने 24 घंटे में ही पलट दी बाजी

## जेफ बेजोस को पछाड़ फिर से हासिल किया टॉप–3 का पोजीशन

दुनिया के शीर्ष 10 अरबपतियों की सूची में 12 जनवरी को बड़ा बदलाव देखा गया। अमेजन के सह–संस्थापक जेफ बेजोस ने जब भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी को पीछे छोड़ा तो वे दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। हालांकि, वह 24 घंटे तक भी इस स्थिति को बरकरार नहीं रख सके और गौतम अडानी ने लंबी छलांग लगाकर फिर से तीसरे स्थान पर कब्जा कर लिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, गौतम अडानी के शेयरों में गिरावट के कारण उनकी नेटवर्थ गिरकर 118 बिलियन डॉलर हो गई। इस दौरान अमेजन के जेफ बेजोस की संपत्ति में जबरदस्त 5.23 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई और शीर्ष अरबपतियों की सूची बदल गई। सिर्फ दशमलव के बाद संख्या में अंतर के साथ बेजोस अडानी को पीछे छोड़कर दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। पिछले 24 घंटों के भीतर, भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी की संपत्ति में वृद्धि हुई और इसके साथ ही उनकी कुल संपत्ति बढ़कर 119 अरब डॉलर हो गई। इस आंकड़े के साथ अडानी ग्रुप के चेयरमैन एक बार फिर अमीरों की सूची में तीसरे नंबर पर आ गए हैं, जबकि बेजोस 118 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ फिर से चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। आपको बता दें कि दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में फ्रांस के बिजनेसमैन बर्नार्ड अर्नाल्ट 182 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 20 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। दूसरे शब्दों में, उन्होंने एक दिन में लगभग दो अरब डॉलर कमाए। टेस्ला, स्पेसएक्स और ट्विटर के मालिक एलोन मस्क 132 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं।



# पुरी ने वाहन विनिर्माताओं से पर्यावरण अनुकूल वाहन बाजार में लाने को कहा

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को प्रोटोटाइप चरण से आगे बढ़कर बाजार में पर्यावरण अनुकूल वाहनों की पेशकश शुरू करनी चाहिए। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में चल रही वाहन प्रदर्शनी 2023 में पेश किए गए नए वाहनों, इलेक्ट्रिक वाहनों तथा प्राकृतिक ईंधन से चलने वाले वाहनों को देखा और उनके बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जैव ईंधन और अन्य स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों का वक्त आ गया है।

उन्होंने वाहन प्रदर्शनी में आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत ने 2030 तक 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के लक्ष्य को अब 2024–25 तक कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रायोगिक रूप से जल्द ही कई पंपों पर ई20 (20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) उपलब्ध होगा। मंत्री ने इससे पहले वाहन प्रदर्शनी में एथनॉल पवेलियन का उद्घाटन किया था, जहां मारुति सुजुकी और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के साथ ही टीवीएस, हीरो मोटोकॉर्प, बजाज ऑटो, होंडा मोटरसाइकिल, यामाहा और सुजुकी मोटरसाइकिल ने अपने वाहनों के प्रोटोटाइप प्रदर्शित किए। ये वाहन 20 से 85 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रित ईंधन से चल सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको बधाई देना चाहता हूं, और मुझे खुशी है, क्योंकि जैव ईंध ान और अन्य सभी स्वच्छ ऊर्जा का वक्त आ गया है। वाहन प्रदर्शनी शुक्रवार से आम जनता के लिए खुल गई, हालांकि सुबह के समय ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिली, लेकिन शाम तक करीब 50 हजार से ज्यादा लोगों के आने का अनुमान है। ऑटो एक्सपो के पहले और दूसरे दिन में 82 नये वाहनों से पर्दा उठा है।




अभी तक इलेक्ट्रिक वाहनों का ज्यादा बोलबाला नजर आया है। मारुति सुजुकी से लेकर टाटा और किआ एवं एमजी कंपनी ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को पेश किया है। इस बार टोयोटा कंपनी ने अपना कोई भी नया वाहन पेश नहीं किया है। वहीं, अशोक लेलैंड और एसएमएल ने अपने वाणिज्यिक वाहन पेश किए हैं। अशोक लीलैंड ने अपने पांच वाहन पेश किए हैं, जबकि जेबीएम ने अपनी दो बसें उतारी हैं।

## ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं ललित मोदी, एयरलिफ्ट कर ले जाया गया लंदन, दो हफ्तों में दूसरी बार हुआ कोरोना

इंडियन प्रीमियर लीग के संस्थापक ललित मोदी ने कहा कि



वह 24×7 बाहरी ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। ललित मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया कि पिछले सप्ताह कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद से वह 24•7 ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं और निमोनिया से उबर रहे हैं। एयर एंबुलेंस में लंदन ले जाए गए मोदी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने स्वास्थ्य के बारे में खबर साझा की। उन्होंने डॉक्टरों और अपने बेटे को ठीक होने में मदद करने के लिए और विस्टाजेट एयरलाइन को ष्सुचारू उड़ानष के लिए धन्यवाद दिया। ललित मोदी ने कहा कि वह दो सप्ताह में दो बार कोविड से संक्रमित हुए और उन्हें ष्गहरा निमोनियाष है। उन्होंने लिखा, श्दो सप्ताह में डबल कोविड के साथ तीन सप्ताह का एकांतवास, साथ ही इन्फ्लुएंजा और गहरे निमोनिया और कई बार वापसी की कोशिश। आखिर में दो सुपरस्टार डॉक्टर्स और अपने बेटे की मदद से लंदन वापसी हुई, जिन्होंने मेरे लिए इतना कुछ किया। ललित मोदी ने मैक्सिको और लंदन में तीन सप्ताह तक इलाज करने वाले दो डॉक्टरों का भी शुक्रिया अदा किया।

# Hockey World Cup: स्पेन के बाद अब इंग्लैंड को हराने के इरादे से उतरेगा भारत

राउरकेला। स्पेन पर दबदबे भरी जीत से बेहतरीन तरीके से अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय टीम के सामने रविवार को यहां एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के दूसरे पूल मैच में इंग्लैंड की चुनौती होगी और वह इस कड़ी परीक्षा में खरा उतरने के लिये आत्मविश्वास से भरी होगी। भारत ने नये बिरसा मुंडा स्टेडियम में पूल डी के शुरूआती मैच में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए स्पेन को 2–0 से हरा दिया लेकिन इंग्लैंड की टीम भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण होगी। पहले दो क्वार्टर में भारत ने शानदार आक्रामक हॉकी खेली और स्थानीय खिलाड़ी अमित रोहिदास की मदद से पेनल्टी कॉर्नर में किये गोल से बढ़त बनायी और फिर हार्दिक सिंह की बदौलत इसे दोगुना किया।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उप कप्तान रोहिदास ने फिर बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाया जिससे मुख्य कोच ग्राहम रीड काफी प्रभावित दिखे।



हरमनप्रीत एंड कंपनी इंग्लैंड के खिलाफ एक और मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करना चाहेगी। इंग्लैंड ने वेल्स के खिलाफ जीत में सभी चार क्वार्टर में गोल किये हैं। रीड ने कहा, ''पहला मैच जीतना अच्छा है। लेकिन डिफेंसिव प्रयास देखना सुखद था और हमने गेंद पर कब्जा बनाये रखा। बमुश्किल से कुछेक ही लोग थे जो अच्छा नहीं खेले। आपको विश्व कप में जीतने के लिये इसी चीज की जरूरत होती है। हम इसे अगले मैच में भी जारी रखेंगे।'' अनुभवी पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक भी भारतीय गोल के आगे बेहतरीन थे लेकिन इंग्लैंड के गोलकीपर ओलिवर पेने ने भी वेल्स के खिलाफ काफी प्रयासों को विफल किया, विशेषकर अंतिम क्वार्टर में।

भारतीयों की एकमात्र कमजोरी पेनल्टी कॉर्नर थी क्योंकि स्पेन के खिलाफ पांच में से वे किसी एक को भी सीधे गोल में तब्दील नहीं कर सके। हाल के वर्षों में लगभग प्रत्येक टूर्नामेंट में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और शीर्ष स्कोरर रहे हरमनप्रीत हालांकि पेनल्टी स्ट्रोक चूकने के अलावा पेनल्टी कॉर्नर से भी गेंद को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सके। उन्होंने इसे स्वीकार किया और वह इंग्लैंड के खिलाफ इस प्रदर्शन की भरपायी करना चाहेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारत को भारी पड़ सकता है। भारतीय खिलाड़ियों को साथ ही सतर्क रहना होगा कि उन्हें रैफरी कोई कार्ड नहीं दिखा दे क्योंकि उन्हें स्पेन के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में अभिषेक के बिना ही खेलना पड़ा था जिन्हें फाउल के लिये पीला कार्ड दिखाया गया था।

इंग्लैंड के खिलाफ जीत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे भारत क्वार्टरफाइनल के एक कदम करीब पहुंच जायेगा। मेजबान टीम अपने पूल में शीर्ष पर रहना चाहेगी और ग्रुप की निचली रैंकिंग की टीम वेल्स के खिलाफ निश्चित रूप से दबदबा बनाये रखेगी।

इंग्लैंड विश्व रैंकिंग में भारत से एक स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर है लेकिन दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में बीते वर्षों में ज्यादा अंतर नहीं रहा है। पिछले साल दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ तीन मैच खेले थे। राष्ट्रमंडल खेलों में दोनों के बीच मैच 4–4 से ड्रा रहा था। एफआईएच प्रो लीग के पहले चरण में मैच 3–3 से ड्रा रहा और इसके बाद दूसरे मैच में भारत ने 4–3 से जीत दर्ज की।

राष्ट्रमंडल खेल 2002 में 11 गोल से शीर्ष स्कोरर रहे निक बांडुराक ने वेल्स के खिलाफ गोल किया और बर्मिंघम में शानदार प्रदर्शन करने वाले फिल रोपर भी शानदार रहे। इंग्लैंड ने तीन मैदानी गोल किये जिसमें से तीसरा निकोस पार्क ने दागा। लियाम एंसेल ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल किये। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 10 मैच जीते हैं जबकि इंग्लैंड की टीम सात मुकाबले ही जीत पायी है और चार मुकाबले ड्रा रहे हैं। स्पेन रविवार को पूल डी के एक अन्य मैच में वेल्स से भिड़ेगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

## Indian women hockey टीम Netherlands और South Africa से भिड़ने के लिये सात मैचों के दौरे पर निकली

बेंगलुरू। भारतीय महिला हॉकी टीम 16 जनवरी से शुरू होने वाले सात मैचों के अभ्यास दौरे पर दक्षिण अफ्रीका जायेगी जिसमें



दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ भी तीन मैच शामिल हैं। सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम मेजबान दक्षिण अफ्रीका से केप टाउन में चार मैच खेलेगी। इसके बाद 23 जनवरी से तीन मुकाबलों में नीदरलैंड के सामने होगी। सविता ने कहा, ''हम वार्षिक कैलेंडर में काफी अभ्यास मैच आयोजित कराने के लिये हॉकी इंडिया के आभारी हैं क्योंकि इस साल हम एशियाई खेलों के लिये अच्छी तैयारी करने और पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने पर ध्यान लगा रहे हैं।''भारतीय कप्तान को लगता है कि इस दौरे से टीम को एशियाई खेलों से पहले अपने कमजोर पक्ष को जानने और इन पर काम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ मैच से हमें अपने खेल के स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी और साथ ही हम जिस विभाग में पिछड़ रहे हैं, उसे भी हम पता कर पायेंगे। बेंगलुरू में दो हफ्ते के शिविर के बाद हम इस दौर के लिये अच्छी तरह तैयार हैं।'' सविता की अगुआई में टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कहा, ''खिलाड़ी 2022 में हॉकी के लिये अच्छे साल के बाद आत्मविश्वास से भरी हैं और हम अच्छे प्रदर्शन से सत्र की शुरूआत करना चाहते हैं।

# गेहूं का रकबा अबतक 1.40 प्रतिशत बढ़कर 337.18 लाख हेक्टेयर पर

नई दिल्ली। चालू रबी सत्र में अब तक गेहूं बुवाई का रकबा 1.40 प्रतिशत बढ़कर 337.18 लाख हेक्टेयर हो गया। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। मुख्य रबी (सर्दियों) फसल, गेहूँ की बुवाई अक्टूबर में शुरू हुई थी और कटाई मार्चध्अप्रैल से शुरू होगी। किसानों ने साल भर पहले इसी अवधि में 332.52 लाख हेक्टेयर रकबे में गेहूं की बुवाई की थी।

आंकड़ों के अनुसार अधिक बुवाई के रकबे की सूचना– उत्तर प्रदेश (2.92 लाख हेक्टेयर), राजस्थान (2.52 लाख हेक्टेयर), महाराष्ट्र (1.01 लाख हेक्टेयर), बिहार (0.81 लाख हेक्टेयर), छत्तीसगढ़ (0.65 लाख हेक्टेयर), गुजरात (0.54 लाख हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (0.09 लाख हेक्टेयर), जम्मू और कश्मीर (0. 07 लाख हेक्टेयर) और असम (0.03 लाख हेक्टेयर) से है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, यदि अनाज के भराव के चरण के दौरान मौसम की स्थिति अच्छी रहती है, तो गेहूं खेती का अधि ाक रकबा, इस साल 11.2 करोड़ टन का नया रिकॉर्ड उत्पादन कर सकता है। पिछले साल प्रमुख उत्पादक राज्यों में लू के कारण गेहूं का उत्पादन घटकर 10 करोड़ 68.4 लाख टन रह गया था। उससे पहले फसल वर्ष (जुलाई–जून) 2020–21 में देश में रिकॉर्ड 10 करोड़ 95.9 लाख टन गेहूं का उत्पादन हुआ था।



आंकड़ों के अनुसार चालू रबी सत्र में 13 जनवरी तक धान का रकबा 6.60 लाख हेक्टेयर बढ़कर 26.22 लाख हेक्टेयर रहा। इससे देश के कुछ हिस्सों में बेमौसम बारिश और सूखे के कारण इस साल के खरीफ सत्र में हुए नुकसान की भरपाई होने की संभावना है। दालों के मामले में, इस रबी सत्र में अब तक कुल रकबा मामूली रूप से बढ़कर 161.09 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 159.44 लाख हेक्टेयर था।

चना खेती का रकबा थोड़ा कम यानी 109.56 लाख हेक्टेयर है। पोषक और मोटे अनाज की खेती का रकबा बढ़कर 50.02 लाख हेक्टेयर हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 47.71 लाख हेक्टेयर था। तिलहन के मामले में, इस रबी सत्र में 13 जनवरी तक खेती का रकबा बढ़कर 107.52 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो साल भर पहले की इसी अवधि में 99.65 लाख हेक्टेयर था। इस अवधि में तिलहनों में रेपसीडध्सरसों का रकबा बढ़कर 96.85 लाख हेक्टेयर हो गया। सभी रबी फसलों के तहत कुल खेती का रकबा पिछले साल के 658.94 लाख हेक्टेयर से 23.08 लाख हेक्टेयर बढ़कर 682.02 लाख हेक्टेयर हो गया।

## लापता किशोरी का शव राप्ती में मिला

रुद्रपुर। घर ले लापता किशोरी का 16 घंटे बाद राप्ती नदी में शव मिला। गांव वालों ने नदी के किनारे लड़की की चप्पल और कपड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव वालों की मदद से तलाश कराई तो नदी में किनारे पर शव मिला। पुलिस ने किशोरी के परिजनों से शव की पहचान कराई। क्षेत्र के नगवां गांव निवासी ओमप्रकाश यादव की पुत्री ट्विंकल (15) बृहस्पतिवार की सुबह से ही घर से लापता हो गई थी। उसकी मां उर्मिला देवी ने एकौना थाने में पुत्री के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। गांव के लोग नदी की तरफ गए तो एक चप्पल और शाल को देखा। उन्हें किसी के डूबने की आशंका हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने चप्पल और शाल नदी के किनारे मिलने की सूचना पुलिस और लापता किशोरी के परिवार के सदस्यों को दी। एकौना थानाध्यक्ष भवानी भीख राजभर मातहतों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से नदी में जाल डलवाई। शव किनारे पर था। पुलिस ने शव निकालने के बाद किशोरी के परिवार के लोगों से पहचान कराई। बताया जा रहा है कि किशोरी बीमार थी। उसका इलाज गोरखपुर में चल रहा था। वह पांच भाई–बहनों में सबसे बड़ी थी। पिता ओम प्रकाश यादव गुजरात के वापी जिले में मजदूरी करते हैं।

## ट्रक की चपेट से छात्र की मौत

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के खरोह चौराहे के पास शाम ट्रक की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। वह बुआ के घर खिचड़ी पहुंचा कर लौट रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव निवासी अच्छेलाल (17) पुत्र धर्मेंद्र यादव इंटर का छात्र था। वह गौरीबाजार क्षेत्र के करमाजीतपुर गांव में बुआ के घर बाइक से खिचड़ी लेकर आया था। वापस घर जा रहा था। उसी दौरान खरोह चौराहे के पास पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया था।

## ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

बरियारपुर। थाना क्षेत्र के विशुनपुर चौराहे के पास ट्रक की चपेट में आने से . शाम मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद चालक फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सलेमपुर सीओ देवानंद ने घटना का जायजा लिया। क्षेत्र के विशुनपुर कला महुआबारी गांव निवासी अर्जुन सिंह (28) मजदूरी करके परिवार का भरण–पोषण करते थे। शाम को वह चौराहे की तरफ से किसी कार्य से जा रहे थे। उसी बीच पीछे से आ रहे गन्ना लदे ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। मौत की जानकारी होने पर पत्नी विनीता देवी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया था। अर्जुन की दो पुत्री और एक पुत्र है।

## वाहन की चपेट से युवक की मौत

देवरिया। देवरिया–कसया मार्ग पर डुमरी चौराहे के पास वाहन की चपेट से युवक की मौत हो गई। वह शाम को भाई के साथ बाइक से काम करके घर जा रहा था। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौतम चक मठिया गांव निवासी रोजादीन (40) पोलदारी करते थे। बृहस्पतिवार की शाम को वह भाई शाकिर अली के साथ बाइक से घर जा रहे थे। इसी बीच डुमरी चौराहे के पास वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उनको डुमरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों का रो– रो कर बुरा हाल हो गया था।

## पत्रकारों ने बेसहारा लोगों में वितरित किया कंबल

कुशीनगर। जनपद के विशुनपुरा विकास खण्ड के कई ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को पत्रकार मंच की तरफ से कड़ाके की ठंड से बचने के लिए बेसहारा लोगों में कंबल वितरित किया गया। इसके अलावा पत्रकारों ने ठंड से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया। पत्रकार मंच से जुड़े पत्रकारों ने चिरगोड़ा, सेवक छपरा, मठिया लाल बिहारी, छितौनी पट्टी समेत कई ग्राम पंचायतों में विधवा, दिव्यांग समेत अन्य जरूरमंद लोगों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष राजेश भारती ने कहा कि संगठन के सहमति पर इस भीषण ठंड में लोगों को कंबल वितरित किया गया है। इसके साथ ही इस भीषण ठंड में लोगों को इसके बचाव के लिए जागरूक भी किया गया। इस दौरान पत्रकार दिलीप भारती, नवीन पांडेय, गोरख राय, अमन तिवारी, विनोद कुशवाहा, राज बरनवाल, उमेश गिरी, श्याम सुंदर विश्वकर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भैरोगंज को हरा बेतिया की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुची

कुशीनगर। जनपद के विशुनपुरा विकास खण्ड के चौती मुसहरी गांव में एपी गारमेंट्स हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब चौती मुसहरी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में शुक्रवार को छठा लीग मैच बेतिया और भैरोगंज के बीच खेला गया। जिसमें बेतिया ने टास जीत कर पहले बल्ले बाजी करने का निर्णय लिया। बेतिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 3 विकेट खोकर 187 रन का टारगेट दिया। भैरोगंज ने 10.2 ओवर मे 146 रन पर ऑल आउट हो गई। बेतिया ने भैरोगंज को 41रनों से हरा दिया। भैरोगंज को हराकर बेतिया ने क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। बेतिया के तरफ से जाफर ने 32 बॉल में 84 रनों का योगदान दिया और गेंदबाजी में भी जाफर ने 4 विकेट लिया। जाफर मैच के मैन ऑफ द मैच चुने गए। मैच के मुख्य अतिथि विपीन गुप्ता ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ कराया। जीएल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विपीन गुप्ता ने कहा कि मैच में हार जीत होती रहती है। मैच खेल भावना की तरह खेला जाता है। मैच खेलने से बहुत सारे ज्ञान प्राप्त होता है। जिससे उससे सीख कर आगे बढ़ते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, योगेंद्र यादव, राजेश कुशवाहा , अनुरुद्ध प्रजापति, अजय चौहान ,सज्जन नेता ,शुभनारायण पांडे , लालबाबू पांडे ,हरेंद्र भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

## देवराड पिपरा घाट पर अवैध बालू खनन के खिलाफ किए गए कार्यवाई से खनन माफियाओं में मचा हड़कंप

कुशीनगर। जनपद के हाटा तहसील क्षेत्र में अवैध बालू खनन की लगातार मिल रही शिकायतों पर तहसील प्रशासन ने अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियो को जप्त किया गया है। साथ ही इस कार्य में लगे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। उपजिलाधिकारी हाटा वरुण पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अवैध बालू खनन पर प्रभावी नियंत्रण के क्रम में उपजिलाधिकारी हाटा के निर्देशन तथा नायब तहसीलदारझ हाटा के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस बल द्वारा देवराड पिपरा घाट पर अवैध बालू लदी ट्राली व ट्रैक्टर तथा नाव पकड़ी गई।ट्रैक्टर व ट्राली थाना कोतवाली हाटा को सुपुर्द कर दिया गया तथा नाव को जेसीबी मशीन से तोड़ कर नष्ट कर दिया गया है। साथ ही अवैध बालू खनन मार्गो को जेसीबी से गड्ढा कराकर बंद करा दिया गया। नदी घाटों के किनारे रखा बालू नदी में डलवा दिया गया है।

# 91 खिलाड़ियों का हुआ वजन, अब दांवपेच की बारी

देवरिया। रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में सब जूनियर बालिका स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता के तहत प्रदेश के विभिन्न मंडलों से आई टीमों की खिलाड़ियों का वजन लिया गया। शाम तक कुल 91 खिलाड़ियों का वजन हुआ। शनिवार और रविवार को नाकआउट के आधार पर मुकाबलों की शुरुआत होगी।

खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के समन्वय से आयोजित हो रही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए गोंडा, आजमगढ़, मेरठ, अलीगढ़, वाराणसी, गोरखपुर मंडल व वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, अयोध्या छात्रावास, मुरादाबाद, आगरा, कानपुर, सहारनपुर की टीमें जिला मुख्यालय पहुंच चुकी हैं। दोपहर बाद खिलाड़ियों का वजन ऑफिशियल नंदनीनगर गोंडा के सुभाष भारद्वाज, सहारनपुर के आदेश, मऊ की संगीता सिंह, गाजियाबाद के रवि व प्रदेश कुश्ती संघ के महासचिव प्रेम कुमार मिश्र की देखरेख में शुरू हुआ। वजन कराने में जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष सूरज सिंह सेंगर, सचिव आशुतोष तिवारी उर्फ गोलू पहलवान, अमरनाथ यादव कामनवेल्थ गेम में पदक गोरखपुर, ओमप्रकाश यादव यूपी केशरी गोरखपुर, स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर के प्रशिक्षक रमाकांत आदि ने सहयोग किया।

क्रीड़ाधिकारी राज नारायण प्रसाद ने बताया कि शनिवार की सुबह से मुकाबले प्रारंभ होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी करेंगे। 91 खिलाड़ियों का वजन करा लिया गया है। बाहर से आई सभी टीमों की खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को ठहरने, भोजन की व्यवस्था स्टेडियम में विभिन्न गेस्ट हाउस में की गई है। प्रतियोगिता बेहतर तरीके से हो और खेल प्रेमियों को कुश्ती के बेहतरीन मुकाबले देखने को मिले, इसका पूरा प्रयास किया जाएगा।

10 भार वर्गों में होगी कुश्ती, जिले की तीन खिलाड़ी भी ले रहीं हिस्साः प्रतियोगिता के लिए 10 भार वर्ग निर्धारित किए गए हैं। इसमें 40, 43, 46, 49, 53, 57, 61, 65, 69, 76 किलोभार वर्ग में फ्री स्टाइल के मुकाबले होंगे। गोरखपुर मंडल टीम से जिले की अंकिता चौबे, ज्योति पांडेय व खुशी चौहान के प्रदर्शन पर जिले वासियों की खास नजर रहेगी।

बड़े सपने, कड़ी मेहनत और अभ्यास दम पर बाजी मारने की तैयारी

देवरिया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश के विभिन्न मंडलों से आईं सब जूनियर वर्ग की खिलाड़ियों की आंखों में बड़े सपने पल रहे हैं। आम परिवारों से आई इन खिलाड़ियों में से कई के हावभाव, पहनावा, बोलचाल बिल्कुल लड़कों जैसे हैं। अपनी मेहनत और अभ्यास की बदौलत ये स्टेट, नेशनल व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने तथा बेहतर प्रदर्शन करके देश–प्रदेश के लिए पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने की इनकी मंशा है।

## निःक्षय दिवस की गतिविधियों को ई कवच पोर्टल पर करे अंकित:डॉ अमित

### एकीकृत निःक्षय दिवस मनाने के लिये बैठक सम्पन्न

कुशीनगर। जनपद के समस्त सरकारी अस्पतालो पर आगामी 16 जनवरी को निःक्षय दिवस मनाया जाना है। जिसके क्रम में शुक्रवार को सीएचसी परिसर में प्रभारी चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अमित कुमार ने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक माह के 15 तारीख को एकीकृत निःक्षय दिवस मनाया जाना सुनिश्चित है। जिसमें टीबी रोग के अलावा कुष्ठ रोगी व कालाजार के बारे में भी लोगों को जागरूक करना है। जिस माह में 15 को कोई अवकाश होगा तो उसके अगले तारीख यानी 16 को मनाया जायेगा। इस माह में 15 को रविवार का अवकाश होने के कारण सोमवार यानी 16 जनवरी को सीएचसी के अलावा पीएचसी व हेल्थ वेलनेस सेंटर पर कार्यक्रम आयोजित होना है। उन्होंने कहा कि निःक्षय दिवस के दिन ओपीडी में आने वाले मरीजो की कुल संख्या का 10 प्रतिशत मरीजो को बलगम जांच हेतु भेजना है।

साथ ही टीबी मरीजो के सम्पर्क में रहने वाले सभी मरीजो के बलगम की भी जाँच कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिन टीबी रोगियों के लिये सरकार द्वारा चलाई जाने वाली सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलवाना है। जो भी हेल्थ वेलनेस सेंटर पर गतिविधियां होगी उस सभी को ई कवच पोर्टल पर इंट्री अवश्य होनी चाहिये। बैठक को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोग शाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने कहा कि सभी सीएचओ अपने अपने सेंटर पर जनजागरुकता बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को टीबी रोग के प्रति जागरुक करना है तथा साथ ही जिन व्यक्तियों में टीबी रोग के संभावित लक्षण दिखे उनके बलगम की जाँच कराना सुनिश्चित करे। जिससे समय पर उनका उपचार शुरू हो सके तथा वह व्यक्ति कोर्स भर दवा खाकर स्वस्थ हो सके। इस दौरान एमोटीसी डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ वी प्रसाद, डॉ प्रशांत मिश्र,डॉ सुनील निषाद,डॉ निधि उपाध्याय, एसटीएस राजीव राय, सीएचओ रंजीता सिंह, प्रतिभा यादव, नीलम चौधरी, सपना पाल, नीलम यादव, नेहा गुप्ता, सत्यप्रकाश रावत, राहुल श्रीवास्तव, लालसाहब सिंह, देवेंद्र सिंह, विश्वामित्र गुप्ता, गुलाब प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने खड्डा तहसील का औचक निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली

कुशीनगर। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने तहसील खड्डा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी खडडा द्वारा बताया गया कि खड्डा तहसील अंतर्गत कुल 100 ग्राम पंचायतें हैं तथा 30 लेखपालों के सापेक्ष 22 लेखपाल कार्यरत हैं। उन्होंने आवासीय भवन के निर्माण के संबंध में पूछताछ की। जिसके क्रम में बताया गया कि टाइप वन, टाइप टू, टाइप 3 एवं टाइप 4 आवास बनना है। तहसील के समस्याओं के बारे में पूछे जाने पर कर्मचारियों की कमी बताई गई। इसी क्रम में उन्होंने तहसील में अमीनो की कुल संख्या, माह में कितने दिन कोर्ट चल रहा है। लंबित वादों की संख्या तथा 2013–14 के लंबित वादों से संबंधित पत्रावली मांग कर जांच की गई। इसी प्रकार कंप्यूटराइज खतौनी दर्ज हुआ है कि नहीं। इस संबंध में उन्होंने तहसीलदार को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बुकलेट का प्रोफार्मा सही कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आर–6 एवं आर–9 रजिस्टर का निरीक्षण किया। साथ ही 5 साल पुराने वादों की संख्या, तथा 5 साल से ऊपर के वादों की संख्या के बारे में जानकारी ली गई। इसी क्रम में 1 साल के अंदर कितने वरासत दर्ज किए गए। कितने का डेथ सर्टिफिकेट जारी किया गया। वरासत की संख्या कम होने पर तहसीलदार को फटकार भी लगाई गई। अमीनो की संख्या 05 बताए गए तथा अस्थाई रूप से 12 अमीन सीजनल बताए गए तथा बड़े बकायेदारों से वसूली हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मत्स्य पट्टे के संबंध में निर्देशित किया गया। जिनका पट्टा का कार्यकाल पूर्ण हो गया है। उसे दूसरे को आवंटित किया गया या नहीं। इस संबंध में जानकारी मांगी गई तथा तहसील अंतर्गत तालाबों की संख्या, वृक्षारोपण, नालों की संख्या की जानकारी लेने के पश्चात बड़े तालाबों का सौंदर्यीकरण कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। लेखपाल तथा कानूनगो का सर्विस बुक का भी निरीक्षण किया गया तथा गार्ड फाइल में कमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। मत्स्य पट्टे से प्राप्त आय के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात निर्देशित किया गया कि प्राप्त आय को संबंधित को शीघ्र स्थानांतरित कर दिया जाए। वादों के निस्तारण की स्थिति पोर्टल पर अपडेट है कि नही। इसकी भी जानकारी ली गयी। तत्पश्चात तहसील के पुराने भवनों का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी देवी दयाल वर्मा, उप जिलाधिकारी खड्डा भावना सिंह, सहित तहसीलदार नायब तहसीलदार व अन्य सभी पटल सहायक उपस्थित रहे।

## गोरखपुर महोत्सव के तीन दिवसीय मेले में स्टाल बना आकर्षण का केन्द्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। गोरखपुर महोत्सव में नगर निगम, गोरखपुर द्वारा हरा–गीला, सूखा–नीला कूडे की जानकारी एवं गीले कूडे से घर में ही कैसे कम्पोस्टिंग करे की जानकारी के लिए सामुदायिक एवं घरेलू कम्पोस्टर का तैयार माडल प्रदर्शित किया गया। स्टाल पर विभिन्न आयु वर्ग के लोगो द्वारा कम्पोस्टिंग की विधि तथा कबाड से जुगाड के आधार पर बनाए गये कम्पोस्टर को बनाने के लिए लोगो ने अपनी खासी रूचि दिखायी। विशेष रूप सें घरेलू महिलाओं एवं जिन घरो में किचेन गार्डेन है, ने कम्पोस्टर तैयार करने की जानकारी ली तथा कम्पोस्टर से किस प्रकार के कूडे से और किस विधि से खाद बनाई जाए, इसकी जानकारी प्राप्त की जा रही है। महोत्सव में नगर निगम के स्टाल पर आकर इस प्रकार की जानकारिया प्राप्त करने की रूचि को देखने से यह स्पष्ट होता है, कि नगरवासी साफ सफाई के प्रति अब पहले से काफी जागरूक हो गये है। स्टाल पर आने वालों से बात चीत करने पर यह भी ज्ञात हुआ कि लोगो ने कम्पोस्टिंग करने के लिए प्रयास भी किया लेकिन जानकारी के अभाव में लोग पूरी तरह से सफल नही हुए। थोडी सी जानकारी और सावधानी से लोगो को कम्पोस्टिंग करने की विधि बताई गयी और लोगो को जो जानकारी दी गयी, उससे लोग काफी सन्तुष्ट हुए। घरेलू कम्पोस्टर बनाने हेतु भी लोगो ने जानकारी ली, स्टाल पर प्रदर्शित कम्पोस्टरों के माडलों की तस्वीर और विडियों भी लोगों ने बनाये। किस प्रकार के सामग्रीयों से कम्पोस्टर तैयार किये जा सकते है और कामयाब कम्पोस्टर बनाने के लिए क्या सावधानिया बरती जाएगी, इसकी जानकारी प्राप्त कर अपने घरों में किचेन वेस्ट से कम्पोस्ट बनाने के लिए लोग उत्सुक दिखे। इसके अतिरिक्त पानी की बोतलों की ढक्कन से तैयार सेल्फी पॉइंट पर लोग अपनी तस्वीरें भी लिए जो उनके लिए एक यादगार पल रहा। इसको फ्राइडेज फॉर फ्यूचर संस्था द्वारा निर्मित किया गया, ऐसी और भी संश्थाये नगर निगम की साथ मिल कर विभिन्न गतिविधियों द्वारा जनता को जागरूक कर रही हैं।नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन डा0 मणिभूषण तिवारी नें कम्पोस्टर और कम्पोस्ट की जानकारी प्राप्त करने वालो का उत्साह देखा और बताया कि नगर निगम, गोरखपुर स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगो को जागरूक किये जाने का जो अभियान चलाया गया हैं वह उद्देश्पूर्ण रहा , और लोगो को साफ–सफाई के साथ गन्दगी को कैसे निपटाया जाए पर ध्यान आ चुका है। स्वच्छ भारत मिशन अपने जन जागरूकता अभियान में सफल है, और नगरवासियों से अपील है कि साफ सफाई के प्रति लोग जागरूक हो चुके है, वह अपने नैतिक कर्तव्यों की तहत औरो को जागरूक करते रहे। नगर निगम के स्टॉल पर प्रदर्शित डोर तो डोर सेग्रिगटेड कूड़ा कलेक्शन से निस्तारण तक की मॉडल और कम्पोस्ट बनाने की विधि सहित कम्पोस्टर की जानकारी सभी लोगो की दी गयी।




## बंद कमरे में ना करें अंगीठी का प्रयोग– डॉ सीबी पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का सन्देश



फरेंदा,महराजगंज। कड़ाके की सर्दी में लोग अपने घरों में रूम हीटर, गैस गीजर और अंगीठी का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन सावधानी नहीं बरतने के कारण ये उपकरण लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को इन उपकरणों का सावधानीपूर्वक प्रयोग करने की सलाह दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरेंदा पर तैनात डॉ सीबी पाण्डेय ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि बंद कमरों में अलाव, अंगीठी और हीटर जलाना जानलेवा साबित होता है। अंगीठी में कोयला या लकड़ी के जलने से कार्बन मोनो आक्साइड समेत कई गैस निकलती है। इससे बंद कमरे में ऑक्सीजन का स्तर घट जाता है। और लोगों के लिए यह जानलेवा बन जाता है। जानकारी के अभाव में लोग बंद कमरे के भीतर अंगीठी जला सोने से भी गुरेज नहीं कर रहे। बंद कमरे में अंगीठी का प्रयोग खतरे से खाली नहीं है।

## ताल में मिली बृद्ध की लाश

### पंचनामा कर पुलिस विसरा परिजन को सौपा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला,गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के अहिरौली प्रथम निवासी कोमल यादव उम्र लगभग 70 वर्ष की लाश गोपलापुर ताल में मिली। कोमल 1 जनवरी को घर से निकले और देर शाम तक घर जब नही पहुचे तो परिजन काफी खोजबीन किए लेकिन कही पता नही चला। परिजन जगह–जगह स्तहार चिपकाए लेकिन फिर भी कुछ जानकारी नहीं मिल सकी। शनिवार को दिन में करीब 1.30 बजे ताल की तरफ कुछ चरवाहे गये थे। उनकी निगाह वहां पड़ी लाश पर पड़ी तो शोर मचाया। शोर सुन कर पहुचे अहिरौली के लोगों ने उसकी पहचान कोमल के रूप में की। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि घना कोहरा होने की वजह से रास्ता भटक कर कोमल ताल की तरफ चले गए। और ठंड लगने से उनकी मौत हो गई। कोमल के चार पुत्र और एक पुत्री थी सभी शादीशुदा है। वो अपने पिछे एक भरा पुरा परिवार छोड़ गये हैं। कोमल के पुत्र और दस ग्रामीणों के लिखित बयान पर गोला पुलिस पंचनामा कर विसरा परिजनों को सौप दी।

## संघ के सहभोज खिचड़ी कार्यक्रम में सांसद पाल समेत सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। स्थानीय जनता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज



उदयराजगंज सिद्धार्थनगर में मकर संक्रांति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सहभोज खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने एक साथ भोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता विभाग प्रचारक श्रीनिवास जी रहे। उन्होंने अपने देश की संस्कृति एवं त्योहार के बारे में लोगों को बताया तथा अपने देश की एकता एवं अखंडता के बारे में जोर दिया, कि संगठन में ही शक्ति है। हम लोगों को एक बनकर रहना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र गुप्ता ने किया। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल, नौगढ़ खंड के कार्यवाहक विप्लव सिंह, निवर्तमान जिला अध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा, ब्लॉक प्रमुख राजेश कुमार मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रमेश त्रिपाठी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान प्रमुखरूप से धनंजय सिंह, सूर्य प्रकाश पांडे, पद्माकर शुक्ला, अरविंद कुमार सिंह, नारायण सिंह, राधेश्याम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने इन्वेस्टर समिट की बैठक में उद्यमियों से जनपद में निवेश के लिए मांगा प्रस्ताव

कुशीनगर। जनपद में उद्योग की स्थापना व रोजगार सृजन हेतु जनपद के प्रमुख उद्यमियों द्वारा निवेश का प्रस्ताव मिला है। जनपद में उद्यम लगाने की अपार संभावनाएं है। यहां उद्योग लगेंगे तो निश्चित ही जनपद का विकास होगा और यहां के श्रमिकों को भी रोजगार मिलेगा और उन्हें रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। औद्योगिक विकास को बढावा देने एवं नये निवेश के साथ नई इकाई की स्थापना की प्रबल संभावना हैं। इसलिए जनपद वासियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने हेतु लखनऊ में आगामी माह ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 का आयोजन होना प्रस्तावित है।

# साई पालकी यात्रा में साई बाबा के लगे जयकारे

## साईं पालकी को उठाने को हर कोई दिखा बेताब, साईं नाथ के जयकारों से गूंज उठा पूरा नगर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

राबर्ट्सगंज,सोनभद्र। नगर स्थित साई मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री साईं सेवा संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष के भाती इस वर्ष भी श्री साई पालकी यात्रा नगर में बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। यह पालकी यात्रा साईं मंदिर से प्रारंभ हुआ और शीतला मंदिर चौक से होते हुए महिला थाने से होते हुए पूरब माहौल, उत्तर माहौल होते पुनः साईं मंदिर पहुंचा जहां पर भव्य भजन के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान यात्रा में शाई भक्त डीजे की धुन पर नाचते गाते साई बाबा के जयकारे लगाते हुए शमिल हुए तो वहीं महिलाएं अपने सर पर कलश लिए हुए शामिल हुई। बताते चलें कि साईं भक्तों द्वारा 2007 में मंदिर की नींव रखी गई और 14 जनवरी 2014 को शिरडी के प्रधान पुजारी अमित देशमुख के कर कमलों से तीन दिवसीय पूजन अर्चन के साथ मंदिर में मूर्ति की स्थापना हुई। सांई मंदिर में स्थापित सांईनाथ के मूर्ति के साथ सिध्दि विनायक गणेशजी, राधाकृष्ण, दक्षिणेश्वर हनुमानजी भी स्थापित हुए थें। वही शंकर परिवार में शंकर जी, माँ पार्वती, कार्तिकेय, गणेश जी व नंदी भगवान, माँ दुर्गा के मंदिर का जिर्णोद्धार हुआ था। श्री साईं सेवा संस्थान द्वारा शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं को फूलों से सुसज्जित किया गया और उनकी भव्य झांकी सजा कर भक्तों द्वारा दिव्य आरती उतारते हुए पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें गायक संजीव शर्मा, सूरज गुप्ता एवं राजन अग्रहरि, ने श्री साईं नाथ की एक से बढ़कर एक भजन गाया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भक्ति भजन का आनंद उठाया। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सदस्य दीपक कुमार केसरवानी, श्री साईं सेवा संस्था के अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद अग्रहरी, संरक्षक अशोक जालान, महामंत्री विमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रसन्न जायसवाल, राजू सिंह, सदस्य अजीत जायसवाल, राजू सोनी, संजय जायसवाल, दिनेश गुप्ता, सुदीप शुक्ला, मुकेश जायसवाल, सुधीर जैन, परमेश जैन, विनोद केशरी, किशोरी सिंह (लायन रीजन चेयर पर्सन), संतोष सिंह, चन्दन चौबे, राजेंद्र जैन, राजन अग्रहरी, अंकित केजरीवाल, संतोष केशरी, आनंद जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




## क्षेत्राधिकारी संजीव कटियार ने चौकीदार बंधुओं को बितरित किया कम्बल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। करमा थाना परिसर में शनिवार को पड़ रही कड़ाके की ठंड के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी घोरावल संजीव कटियार द्वारा कार्यरत चौकीदारों को कम्बल बितरित किया गया उक्त अवसर पर थानाध्यक्ष राजेश सिंह, बरिष्ठ उपनिरीक्षक बिमलेश सिंह, उपनिरीक्षक मनोज तिवारी, रूपेश सिंह, समेत समस्त थाना स्टाप उपस्थित रहा वही कम्बल पाकर चौकीदार बंधू भी प्रसन्न चित्त दिखाई दिये।



## मैगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ओबरा,सोनभद्र। प्रयास फाउंडेशन की ओर से शनिवार को मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में ओबरा स्थित रामलीला मैदान के राम मंदिर में स्थित मानस सत्संग भवन में मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन अमित कुमार अग्रवाल के संयोजकत्त्व में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड़, विशिष्ट अतिथि राबर्ट्सगंज विधायक भूपेश चौबे ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी गणेश अग्रवाल सहित 150 लोगों से भी अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड़ ने कहां की प्रयास फाउंडेशन की यह पहल बहुत ही सराहनीय है जो कि हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन कराती है। इस पुनीत कार्य में सभी व्यक्तियों को आगे रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अमित कुमार अग्रवाल (रिक्की) एवं उनकी टीम द्वारा कंबल वितरण, पतंगबाजी प्रतियोगिता एवं भव्य भंडारे का आयोजन भी कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अमित कुमार अग्रवाल, ब्लड कैंप के कोऑर्डिनेटर दिलीप कुमार दुबे, समाजसेवी गणेश कुमार अग्रवाल, सुमित खत्री अश्वनी मिश्रा, प्रभात हेमंत शर्मा, सूर्या सिंह, प्रदीप गुप्ता, विक्की अग्रवाल, राजीव साहनी, राहुल श्रीवास्तव आशीष तिवारी, आलोक भाटिया, कृष्णा बंसल, देव प्रकाश, रमेश सिंह, नमन मित्तल, रमेश यादव, कन्हैया जैसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## सत्ता पक्ष दलित नेता की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं: शत्रुंजय मिश्रा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने यूपी कांग्रेस मीडिया प्रभारी दलित नेता ललन कुमार पर किये गए मुकदमे पर निशाना साधते हुए कहा की सत्ता पक्ष के नेता दलित नेता की आवाज को दबाने का काम कर रहे है। बी जे पी की आईटी सेल द्वारा लगातार राहुल गाँधी की छबि धूमिल किया जा रहा है। आलू से सोना बनाने वाले वीडियो वायरल किया जा चुका है। फर्जी और फेक खबर सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी एकाउंट से और आईटी हेड द्वारा जारी किया जाता रहा है। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में कभी उनकी टीशर्ट को लेकर, कभी जुते को लेकर कभी लोगों के मिलने पर अफवाह उड़ाई जाती रही है। इतना ही नही जब उन्होनें अपने बहन को लेकर उनसे प्यार जताया तो भी बीजेपी के नेताओ ने इसको दूसरे रूप में प्रदर्शित करने का काम किया।अभी हाल ही राहुल गाँधी जी चाय पी रहे हैं उसी फोटो को एडिट करके शराब के साथ सोशल मीडिया में फैलाया जा रहा है। मिश्रा ने कहा कि बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी त्रिपुरा में अपने भाषण में कह रहे है सी. पी.एम. मतलब बलात्कार, क्या किसी राजनैतिक दल के नेता किसी दल के खिलाफ ऐसा बोल सकता है। बीजेपी नेता दोहरी नीति अपनाते है।साथ ही साथ कहा कि अबैध खनन, अबैध परिवहन और बिना नम्बर के चल रहे ट्रकों पर परिवहन मंत्री जी के कहने के बाद भी मुकदमा दर्ज नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी को डराने का प्रयास कर ईडी को आगे लाकर देख चुकी बीजेपी अब राहुल के संघर्षिल सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस नेता डरने वाले नही है। बेरोजगारी, महगाई और देश मे फैले नफरत को प्यार में बदलने की लिए राहुल गाँधी के अगुवाई में देश का युवा अब कमर कस चुका है।



## घर के बडेर में लटकी मिली तीन बच्चों की मां

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बीजपुर,सोनभद्र। स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा डोडहर में शुक्रवार की सायं तीन बच्चों की मां लगभग 27 वर्षीया रामकली पत्नी रामजी बैगा का शव उसी के घर के एक कमरे की बडेर में लटका हुआ मिला। जनचर्चाओं के अनुसार मृतिका का पति रामजी बैगा किसी कार्य से घटना के वक्त घर से बाहर गया हुआ था। जब वह शाम को घर लौटा तो देखा कि उसकी पत्नी घर के एक कमरे की बडेर में मृत अवस्था मे लटकी हुई है। जबकि उसका 9 वर्षीय बेटा अंकित, तथा 5 वर्षीया पुत्री रीना व 1 वर्षीया पुत्री रिंकी घर के दूसरे कमरे में सोए हुए थे। घटना की सूचना पर बीजपुर पुलिस ने ग्राम प्रधान डोडहर व मृतिका के तीन भाइयों की मौजूदगी में शव का पंचनामा करवाकर उसे पोस्टमार्टम हेतु शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया। साथ ही साथ मृतिका के मौत को लेकर अन्य पहलुओं पर भी जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## ग्राम प्रधान राजमिलान ने नेत्र चिकित्सा शिविर में की 600 लोगों के भोजन की व्यवस्था



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बीजपुर,सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद के आवासीय परिसर स्थित धन्वन्तरि चिकित्सालय में शुक्रवार को एनटीपीसी रिहन्द द्वारा आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में भर्ती लगभग 600 मरीजों और उनके परिजनों को ग्राम प्रधान रजमिलान बद्रीनाथ ने शुक्रवार को भोजन की व्यवस्था कराई। एनटीपीसी रिहन्द के सीएसआर विभाग द्वारा धन्वंतरि चिकित्सालय में दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे आस पास के ग्रामीणों के अलावा काफी दूर दराज से भी सैकड़ों की संख्या में लोग इस आयोजन में उपस्थित हुए हैं। खासकर दूर दराज से आए गरीब रोगियों व उनके परिजनों को कोई परेशानी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए ग्राम प्रधान राजमिलान बद्रीनाथ ने शुक्रवार की रात्रि भोज की जिम्मेदारी लेते हुए उपस्थित लगभग 600 मरीजो एवं उनके परिजनों को भोजन उपलब्ध कराया। प्रधान द्वारा किये गए इस नेक कार्य हेतु मरीजों व उनके परिजनों ने उनका आभार जताया। इस नेक कार्य मे मुख्य रूप से मनोज कुमार, विकास कुमार, के सी, आकाश, अनिता, नीरज समेत हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ अपना सहयोग प्रदान किया किया।

## समाजसेवी द्वारा बिरहा का किया गया उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। करमा ब्लॉक के मधुपुर ग्राम पंचायत के सब्जी मंडी में मकर संक्रांति के अवसर पर नवीन किसान सब्जी मंडी मधुपुर व क्षेत्रवासियों के सहयोग से विगत वर्षों की भांति होने वाले शानदार बिरहा मुकाबला का शनिवार को उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधुपुर व समाजसेवी राजकुमार यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया। बिरहा का मुकाबला नंदलाल रवि गाजीपुर व सुमित्रा नंदनी प्रयागराज इलाहाबाद के बीच में शानदार मुकाबला देखने को मिला वही मुख्य अतिथि ने बताया कि बिरहा लोक गायन की एक विधा है जो पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार के भोजपुरी भाषी क्षेत्र में प्रचलित है। नवीन किसान मंडी के अध्यक्ष अनंतराम कुशवाहा ने बताया कि मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा आयोजन समिति को दस हजार रूपये की सहयोग राशी भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों व क्षेत्रीय श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष रामनारायन जायसवाल, महामंत्री कमला सिंह, कोषाध्यक्ष बाबू नंदन, सूचना मंत्री प्रभु नारायण चौहान, धर्मेंद्र पहलवान, संतोष तिवारी, सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोता गण उपस्थित रहे।




## बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## सोनभद्र की डॉ वैशाली का मेडिकल ऑफिसर पर हुआ चयन, क्षेत्र में खुशी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। बेटियां हर क्षेत्र में नए–नए कीर्तिमान बनाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर जिले का नाम रोशन कर रही हैं। बेटियो की उपलब्धि से माता पिता ही नहीं पूरे जनपद वासियों को गर्व है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमिशन प्रयागराज ने बुधवार को यूनानी एवं आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें सोनभद्र जिले के ओबरा तहसील अंतर्गत ओबरा निवासी प्रवक्ता ओबरा इंटर कॉलेज जयप्रकाश की पुत्री डॉ वैशाली ने इस परीक्षा में 100वा स्थान प्राप्त कर नगर सहित जिले का मान बढ़ाया है। डॉक्टर वैशाली के मेडिकल ऑफिसर बनने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। लोगों ने वैशाली की इस सफलता पर उनके पिता को बधाई दी। डॉ वैशाली ने बताया कि उनकी प्राथमिक शिक्षा आर्य विद्या मंदिर ओबरा से तथा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट ओबरा इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण किया है, उन्होंने बताया कि हाई स्कूल तथा इंटर में वह कॉलेज में टॉपर रहीं है। आगे की पढ़ाई बीएएमएस राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ से किया है। उन्होंने बताया कि यूपीएससी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्साधिकारी (आयुर्ववेद और यूनानी) के 962 पदों पर भर्ती का परिणाम बुधवार को जारी किया, जिसमें 422 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, इसमें से मेरा 100वा स्थान है। बताया कि वह शुरू से ही डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती थी जिसके लिए वैशाली की बड़ी बहन मधु ने उन्हें प्रेरणा दी और उनके शिक्षक डॉ दिनेश यादव तथा अशोक भगत ने उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने सभी गुरुजनों वह परिजनों को दिया। बताया कि वर्तमान में वह राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चौकाघाट वाराणसी में प्रसूति तंत्र एवम स्त्री रोग विभाग में मास्टर ऑफ सर्जरी में शोध कर रही है।



## 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी महिला गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बीजपुर,सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिरसोती के टोला नकटू तिराहे से पुलिस ने शुक्रवार को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी एक महिला को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट में चालान करने की कार्रवाई की। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह मय हमराह का.प्रो.अमिताबचंद्र, का. अनुप सिंह, का. अरविन्द कुमार व का.रिया यादव के साथ क्षेत्रीय गश्त के दौरान शुक्रवार को करीब 15.45 बजे पेट्रोल टंकी के पास से कुछ दूर नकटु मोड़ की ओर जाने वाली सड़क पर ग्राम नकटु निवासिनी मंती देवी पुत्री जगदीश गोड़ निवासिनी ग्राम नकटु थाना बीजपुर सोनभद्र के कब्जे से दो प्लास्टिक के जरकिन 10 लीटर जिसमे कुल 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस ने तत्काल अभियुक्त मन्ती देवी पुत्री जगदीश गोड़ निवासिनी ग्राम सिरसोती टोला नकटु थाना बीजपुर सोनभद्र के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब कब्जे में लेकर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्व मु0अं0सं0– 04/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर चालान कर न्यायालय भेज दिया गया।

## मुख्यमंत्री ने विधायक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने पूर्व विधायक सुन्दर लाल दीक्षित के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# घर पर आसानी से तैयार किए जा सकते हैं एंटी–डैंड्रफ शैंपू, जानिए 5 तरीके



सर्दियों के दौरान स्कैल्प का रूखापन काफी बढ़ जाता है। इससे डैंड्रफ होने की संभावना काफी बढ़ जाती है और यह समस्या लंबे समय तक चलती है। ऐसे में एंटी–डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल आपकी समस्या का इलाज करने में मदद कर सकता है। आइए आज हम आपको पांच तरह के एंटी–डैंड्रफ शैंपू बनाने के तरीके बताते हैं, जो बाजार में मिलने वाले एंटी–डैंड्रफ शैंपू से अधिक सुरक्षित और असरदार साबित हो सकते हैं।

खीरा और नींबू का शैंपू

खीरा और नींबू एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरा होता है, जो लालिमा, स्कैल्प की जलन, खुजली और रूखेपन को खत्म करने में मदद करने के साथ डैंड्रफ भी दूर करते हैं। लाभ के लिए कटे हुए खीरे को बारीक पीसकर मलमल के कपड़े से छान लें। अब इसे नींबू के रस के साथ डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प पर लगाकर अच्छे से मसाज करें और 15 मिनट बाद पानी से धो लें।

शिकाकाई और रीठा का शैंपू

यह शैंपू न केवल डैंड्रफ को कम करता है बल्कि बालों को मुलायम, चमकदार और स्वस्थ बना सकता है। यह स्कैल्प के प्राकृतिक तेलों को अलग किए बिना खुजली और परतदार स्कैल्प को भी ठीक करता है। लाभ के लिए शिकाकाई, रीठा और मेथी दाना को पानी मिलाकर 10–12 मिनट तक उबालें। फिर इस मिश्रण को ठंडा करके छान लें और इसे गीले बालों पर लगाकर मालिश करें। चार–पांच मिनट बाद सिर धो लें।

गाजर और मेपल सिरप शैंपू

एंटी–फंगल गुणों से भरपूर यह शैंपू बालों के विकास में मदद कर सकता है और डैंड्रफ से बचा भी सकता है। लाभ के लिए एक कटोरी में अरंडी का तेल, गाजर के बीज का एसेंशियल ऑयल, मेपल सिरप और कैस्टाइल साबुन मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने पूरे बालों पर लगाएं और कुछ मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके बाद सामान्य पानी से सिर को धो लें।

शहद और एलोवेरा जेल शैंपू

शहद में हीलिंग कंपाउंड होते हैं, जो डैंड्रफ को कम करने में मदद कर सकते हैं और आपके स्कैल्प के पीएच स्तर को संतुलित करते हैं। इसके अतिरिक्त एलोवेरा बालों को मॉइस्चराइज भी करता है और इसे चमकदार, मुलायम और फ्रिज–फ्री बनाता है। लाभ के लिए शहद, एलोवेरा जेल और पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल को एक साथ मिलाएं। फिर इस मिश्रण को गीले बालों पर लगाकर एक मिनट तक मसाज करें। इसके बाद सामान्य पानी से सिर को धो लें।

गुड़हल का शैंपू

गुड़हल का फूल कई ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो बालों और स्कैल्प को गहराई से साफ करने समेत बालों के झडने और डैंड्रफ का इलाज करने में काफी मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए गुड़हल की पंखुडियों को थोड़े से पानी के साथ पीसकर पतला और चिकना मिश्रण बना लें। अब इस मिश्रण से अपने सिर की मसाज करने के पांच मिनट बाद इसे पानी से धो लें।

## नेहा भसीन ने ब्रा में दिए ऐसे पोज, बोल्ड फिगर देख कर हर कोई बन गया उनका दीवाना

बॉलीवुड सिंगर नेहा भसीन हमेशा अपने स्टनिंग ड्रेसिंग सेंस और बोल्ड फिगर के चलते लाइमलाइट में बनी हुई रहती हैं। नेहा भसीन हर वक्त अपने सेक्सी लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। नेहा भसीन ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर



शेयर की हैं जिसमें उनका बोल्ड अंदाज देख कर हर कोई उनकी हॉटनेस पर अपना दिल हार गया है। नेहा भसीन हमेशा अपने बोल्ड फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। नेहा ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस दिखाई दे रही हैं। पंजाबी इंडस्ट्री में हिट गानों की लिस्ट देने वाली सिंगर नेहा भसीन की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर बवाल मचा रही हैं। इन तस्वीरों में नेहा भसीन ने टाइट फिटेड पेंट और स्पोर्ट्स ब्रा पहनी हुई है। नेहा भसीन अपने इस लुक में बेहद ही सुपर हॉट नजर आ रही हैं। फैंस भी उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इन फोटोज में नेहा भसीन अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। नेहा भसीन आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। नेहा भसीन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि नेहा की इंस्टाग्राम पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।




## सामंथा की फिल्म शाकुंतलम का ट्रेलर जारी, सामने आई दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कथा



सामंथा रुथ प्रभु की तेलुगु फिल्म शाकुंतलम का उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है। लिहाजा हिंदी भाषी दर्शक भी इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। अब इस फिल्म का ट्रेलर तेलुगु समेत सभी भाषाओं में रिलीज कर दिया गया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। सामंथा ने खुद ट्रेलर रिलीज होने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। आइए देखते हैं कैसा है शाकुंतलम का ट्रेलर।

ट्रेलर की शुरुआत शकुंतला के जन्म से होती है, जिसका किरदार सामंथा ने निभाया है। पैदा होते ही उसके माता–पिता उसे त्याग देते हैं। इसके बाद कण्व ऋषि उसे पालते–पोसते हैं। राजा दुष्यंत (देव मोहन) जंगल में शिकार के लिए निकलते हैं। वहां उनकी नजर शकुंतला पर पड़ती हैं और उनका सौंदर्य देखकर राजा मोहित हो जाते हैं। दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ता है। फिल्म के बाकी हिस्से में शकुंतला की उसके प्यार के लिए लड़ाई दिखाई गई है।

फिल्म में पौराणिक इतिहास की सच्चाई दिखाई गई है, वहीं ट्रेलर के अंत में अल्लू अर्जुन की बेटी अरहा की झलक ने भी इसे लेकर उत्सुकता जगाई है। सामंथा की परफॉर्मेंस का कोई जवाब नहीं है। उनका लुक और हाव–भाव देखते ही बनते हैं।

सामंथा ने कुछ दिन पहले ही इंस्टाग्राम पर देव मोहन के साथ अपनी इस फिल्म का नया पोस्टर साझा कर इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया था। उन्होंने लिखा था, अपने असपास के सिनेमाघरों में 17 फरवरी, 2023 को इस अनोखी प्रेम कहानी के साक्षी बनें। शाकुंतलम 3डी में भी रिलीज होगी। हालांकि, पहले यह फिल्म 4 नवंबर, 2022 को दर्शकों के बीच आने वाली थी, लेकिन इसके आने में देरी हुई, ताकि दर्शक 3ष्ठ में इसका लुत्फ उठा सकें।

शाकुंतलम महाकवि कालिदास के संस्कृत नाटक अभिज्ञानशाकुन्तलम पर आधारित है। यह तेलुगु के अलावा हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में भी रिलीज होगी। गुनाशेखर इस फिल्म के निर्देशक हैं। फिल्म में सचिन खेडेकर, कबीर बेदी, डॉ एम मोहन बाबू, प्रकाश राज, मधुबाला, गौतमी, अदिति बालन, अनन्या नगल्ला और जीशु सेनगुप्ता भी दिखाई देंगे। अल्लू अर्जुन की बेटी अरहा इसके जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रख रही हैं। वह इसमें शकुंतला के तेजस्वी बेटे भरत की भूमिका में हैं। सामंथा जल्द ही तेलुगु फिल्म कुशी में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। इस तेलुगु रोमांटिक फिल्म में उनके साथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा नजर आएंगे। फिल्म अगले साल रिलीज होगी। शिव निर्वाण इस फिल्म के निर्देशक हैं। इसके अलावा एक हिंदी फिल्म आराध्या उनके खाते से जुड़ी है। सामंथा अंतरराष्ट्रीय सीरीज सिटाडेल के हिंदी वर्जन में वरुण धवन के साथ काम करने को लेकर भी चर्चा में हैं। उनकी टीम इस खबर पर अपनी मोहर लगा चुकी है।

## रजनीकांत की फिल्म जेलर से मोहनलाल का पहला लुक जारी

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म जेलर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए पहली बार अभिनेता, मोहनलाल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। अब




सोमवार को नेलसन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म जेलर से मोहनलाल का पहला लुक जारी कर दिया है। प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर उनकी पहली झलक साझा करते हुए लिखा, जेलर के सेट से मोहनलाल का पहला लुक। यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। डॉक्टर एंड बीस्ट फेम नेलसन दिलीप द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रजनीकांत और मोहनलाल पहली बार साथ दिखेंगे। फिल्म में रजनीकांत के अपोजिट ऐश्वर्या राय बच्चन को साइन किया गया है। इससे पहले दोनों 2010 में आई रोबोट में साथ नजर आए थे। जेलर के अलावा रजनीकांत के फैंस को उनकी फिल्म चंद्रमुखी 2 का भी इंतजार है। इस फिल्म में उनके साथ राघव लॉरेंस और अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी नजर आएंगी। यह फिल्म जनवरी 2023 में रिलीज होगी।

## फेशियल स्टीम से त्वचा को मिल सकते हैं ये 5 प्रमुख फायदे



सैलून में महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट्स पर हजारों रुपये खर्च करने की बजाय बस एक गरम भाप से आप घर पर अपनी त्वचा की देखभाल कर सकते हैं। यह आपकी त्वचा की कई समस्याओं का उपचार बन सकती है। इसके अतिरिक्त यह तुरंत ही चेहरे को तरोताजा करने और मुलायम बनाने में मदद कर सकती है। आइए आज हम आपको फेशियल स्टीम से मिलने वाले पांच प्रमुख लाभों के बारे में विस्तार से बताते हैं। त्वचा को करे हाइड्रेटः फेशियल स्टीमिंग आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद कर सकती है और इसे मुलायम बनाने और पोषित करने में भी सहायक है। उचित हाइड्रेशन आपकी त्वचा को मजबूत और इसकी मांसपेशियों को लचीला भी बनाने में भी कारगर है। यह आपकी त्वचा की कोशिकाओं को भी पानी प्रदान करती है। भाप लेने के बाद अपने चेहरे पर एक अच्छा मॉइस्चराइजर या फेस सीरम लगाएं। बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशनः फेशियल स्टीमिंग से निकलने वाली गर्मी रक्त वाहिकाओं को फैलाने में मदद करती है और इससे शरीर के ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे आपकी त्वचा को कोलेजन और इलास्टिन बनाने में मदद मिलती है। बेहतर ब्लड सर्कुलेशन से त्वचा को भरपूर ऑक्सीजन भी मिलता है। यहां तक कि यह आपकी त्वचा को मोटा, चमकदार और निखरा हुआ बनाता है। यह मुंहासों से राहत दिलाने में भी मदद करता है। ब्लैकहेड्स को दूर करने में सहायकः फेशियल स्टीम आपके चेहरे के रोमछिद्रो को खोलने में मदद कर सकता है और त्वचा में जमा तेल, गंदगी और बैक्टीरिया को भी बड़ी आसानी से साफ कर सकता है। इसके अतिरिक्त अगर आप फेस क्लींजिंग के बाद अपने चेहरे को भाप देते हैं तो इससे ब्लैकहेड्स को दूर करने में भी कारगर हो सकता है। दरअसल, इसके जरिए ब्लैकहेड्स को प्लकिंग करना काफी आसान हो जाता है। ब्यूटी उत्पादों को बेहतर तरीके से करे अवशोषितः फेशियल स्टीमिंग आपके स्किन केयर और ब्यूटी उत्पादों को बेहतर काम करने में मदद कर सकती है, जिससे आपको उनका अधिकतम लाभ मिल सकता है। इसका कारण है कि भाप लेने के बाद आपकी त्वचा पर क्रीम, सीरम, मॉइस्चराइजर या अन्य ब्यूटी उत्पाद का उचित अवशोषण होने लगता है। इसलिए अपने चेहरे को भाप देने के बाद अपने टोनर, मॉइस्चराइजर या सीरम का उपयोग करें। एजिंग प्रभाव हो सकता है दूरः अगर आपको लगता है कि समय से पहले आपके चेहरे पर एजिंग प्रभाव उभर रहे हैं तो आपको नियमित तौर पर अपने चेहरे को भाप देनी चाहिए। यह त्वचा में कसावट लाने का भी काम करती है। इसी तरह यह ढीली त्वचा पर महीन रेखाएं पडने से भी बचाती है। इसके अलावा यह त्वचा पर नजर आ रहे पिगमेंटेशन के असर को कम करने में भी मदद करता है।